अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 207 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 22 जुलाई 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप ''अहंब्रह्मास्मि'' की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

सीएए-एनआरसी से देश के नागरिकों का कोई लेना-देना नहीं : मोहन भागवत

गुवाहाटी (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत दो दिवसीय दौरे पर असम में है। आज उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर का मुद्दा उठाया और कहा कि इसे राजनीतिक फायदे के लिए सांप्रदायिकता का जामा पहनाया जा रहा है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सीएए से किसी मुसलमान को कोई दिक्कत नहीं होगी। सीएए-एनआरसी से देश के नागरिकों का कोई लेना- देना नहीं है।गुवाहाटी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, '1930 से

योजनाबद्ध तरीके से मुसलमानों की संख्या बढ़ाने के प्रयास हुए, ऐसा विचार था कि जनसंख्या बढ़ाकर अपना वर्चस्व स्थापित करेंगे और फिर इस देश को पाकिस्तान बनाएंगे। ये ?विचार पंजाब, सिंध, असम और बंगाल के बारे में था, कुछ मात्रा में ये सत्य हुआ, भारत का विखंडन हुआ और पाकिस्तान हो गया। लेकिन जैसा पूरा चाहिए था वैसा नहीं हुआ।'

आरएसएस प्रमुख ने कहा, 'सीएए किसी भारत के नागरिक के विरुद्ध बनाया हुआ कानून नहीं है। भारत के नागरिक मुसलमान को ँ से कुछ नुकसान नहीं पहुंचेगा। विभाजन के बाद एक आश्वासन दिया गया कि हम अपने देश के अल्पसंख्यकों की चिंता करेंगे। हम आजतक उसका पालन कर रहे हैं। पाकिस्तान ने नहीं किया।' एक पुस्तक का विमोचन करने के बाद भागवत ने कहा, 'स्वतंत्रता के बाद देश के पहले प्रधानमंत्री ने कहा था कि अल्पसंख्यकों का ध्यान रखना होगा और अब तक यही होता आया है। हम ऐसा आगे भी जारी रखेंगे। सीएए के कारण किसी मुसलमान को परेशानी नहीं होगी। गुवाहाटी में आज मोहन भागवत ने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए इसे सांप्रदायिकता का रंग रूप दिया जा रहा है। ँ्ण् के बारे में बताते हुए भागवत ने कहा कि सभी देशों को यह जानने का अधिकार है कि उनके नागरिक कौन हैं। ँएए के प्रवक्ता ने बताया कि असम के विभिनन् क्षेत्रों और अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर एवं त्रिपुरा जैसे अन्य पूवीत्तर राज्यों से संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ मोहन भागवत ने बैठकें की। इसमें ँएए से जुड़े विषयों एवं महामारी के दौर में समाज और लोगों के कल्याण के उपायों पर चर्चा हुई। असम में दूसरे कार्यकाल के लिए भाजपा के सत्ता में लौटने के बाद भागवत की राज्य की यह पहली यात्रा है। प्रवक्ता के अनुसार भागवत 22 जुलाई को चेनन्ई रवाना हो जाएंगे।

फ्रांस से सीधी उड़ान भरकर भारत पहुंचे 3 और राफेल लड़ाकू विमान, यूएई में हवा में ही भरवाया ईंधन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय वायु सेना ने जानकारी दी है कि फ्रांस के इस्ट्रेस एयर बेस से सीधे उतरने के बाद थोड़ी देर पहले तीन और लड़ाकू विमान राफेल भारत पहुंचे। यूएई वायु सेना ने नॉन स्टॉप फेरी के दौरान विमान को हवा में ही ईंधन भरवाया। इससे भारतीय वायु सेना और मजबूत होगी।भारतीय वायु सेना (आइएएफ) के राफेल लड़ाकू विमान के आने से दूसरी स्क्वाड्रन का संचालन करने की संभावना है। इसे बंगाल के हाशिमारा वायु सेना अड्डे पर तैनात किया जाएगा। राफेल विमानों की पहली स्क्वाड्रन हरियाणा के अंबाला वायु सेना स्टेशन पर तैनात है।पांच राफेल लड़ाकू विमानों की पहली खेप 29 जुलाई, 2020 को भारत पहुंची थी। इससे लगभग चार साल पहले भारत ने करीब 59,000 करोड़ रुपये की लागत से 36 विमानों की खरीद के लिए फ्रांस के साथ एक अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किया था। वर्तमान में वायु सेना के पास लगभग 25 राफेल विमान हैं। 3 और विमानों के आने से इनकी संख्?या 28 हो गई। शेष विमान 2022 तक आने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि पहली स्क्वाड्रन पाकिस्तान से लगती पश्चिमी सीमा

और उत्तरी सीमा की निगरानी करेगी। दूसरी स्क्वाड्रन भारत के पूर्वी सीमा क्षेत्र की निगरानी करेगी। फ्रांस निर्मित पांच राफेल लड़ाकू विमानों को पिछले साल 10 सितंबर को अंबाला में हुए एक समारोह में वायु सेना में औपचारिक रूप से शामिल किया गया था।

टोक्यों ओपाम्पिकः 'खेलों के महाकुंभ' पर मंडराया कोरोना का खतरा, आज टोक्यो में रिकॉर्ड 1832 नए मामले

टोक्यो (एजेंसी)। टोक्यो में आपातकाल के बावजूद भी कोरोना के मामलों में जबरदस्त इजाफा हो रहा है। 'खेलों के महाकुंभ' शुरू होने से दो दिन पहले इस मेजबान शहर में बुधवार को कोरोना वायरस के 1832 नए मामले दर्ज किए गए, जो पिछले छह महीने (16 जनवरी के बाद) में सबसे ज्यादा हैं। बता दें कि टोक्यो में फिलहाल आपातकाल लागू है जो 22 अगस्त तक जारी रहेगा। कोरोना वायरस महामारी शुरू होने के बाद यह इस शहर का चौथा आपातकाल है। टोक्यो क्षेत्र के सभी खेल स्थलों पर प्रशंसकों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है।'जापान मेडिकल एसोसिएशन' के अध्यक्ष तोशियो नाकागावा का मानना है कि ओलंपिक का आयोजन नहीं होने की स्थिति में भी मामले बढ़ते।

रायबरेली में हादसा

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन की मौत, चार लोग झुलसे

ऊंचाहार/रायबरेली (एजेंसी)। रायबरेली जिले के ऊंचाहार में बारिश के चलते बड़ा हादसा हो गया है। तहसील क्षेत्र के रसूलपुर गांव ने बुधवार की दोपहर एकाएक तेज बारिश के बीच अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक मिला और एक मासूम बेटीए एक बेटे की मौत हो गई। तीनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। चार अन्य लोग बिजली की चपेट में आकर झुलस गए। ग्रामीणों ने आनन.फानन में सीएचसी पहुंचाया।रसूलपुर गांव निवासी राजाराम साहू ;58 वर्षद्ध अपनी पतनी सुरसती ;56 वर्षद्ध बेटी दिव्या साहू ;35 वर्षद्धए उसकी बेटी अंशिका ;7 वर्षद्धए बेटा रिशु ;5 वर्षद्ध निखिल ;4 वर्षद्ध के साथ खेत में धान की बेरन निकाल रहे थे। इसी समय आकाशीय बिजली कड़की तो सभी पॉलिथीन ओढ़कर खेत में ही लेट गए।

इसी बीच आकाशीय बिजली का कहर इस परिवार पर टूट पड़ा। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मायके आई बेटी दिव्या साहू ;30द्ध पतनी दीपकए उसकी 7 वर्षीय बेटी अंशिका और पांच वर्षीय रिशु की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्वयं राजाराम साहू ;58द्ध उनकी पतनी सूरसती ;56द्ध और मृत बेटी का एक बच्चा निखिल 3 वर्ष झुलस गए।इस घटना से ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते ग्रामीणों का मजमा खेत में जुट गया। घटना की सूचना पर एसडीएम राजेंद्र शुक्लए तहसीलदार अभिनव पाठकए सलोन सीओ इंद्रपाल सिंहए सलोन कोतवाल पंकज त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और सभी झुलसे लोगां को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। एसडीएम राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि पीड़ित परिवार को मुवावजा दिलाया जाएगा और हरसंभव मदद की जायेगी।

ममता बनर्जी का तंज

केंद्र की 'जासूसी' से बचने के लिए फोन पर 'प्लास्टर' कर दिया है

कोलकाता (एजेंसी)। पेगासस सॉफ्टवेयर के जरिए जासूसी कराने का मामला सामने आने के बाद राजनीतिक बयानबाजी जारी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को इसे लेकर केंद्र सरकार पर तंज कसा।

बनर्जी ने कहा कि मैंने अपने फोन के कैमरे को ढक दिया है ताकि मेरी जासूसी न की जा सके। हमारे फोन टैप किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पेगासस डराने वाला है। मैं किसी से बात नहीं कर सकती। मैंने जासूसी से बचने के लिए अपने फोन पर प्लास्टर कर लिया है। हमें इसी तरह से केंद्र सरकार को भी ढक देना है, वरना

देश बर्बाद हो जाएगा। इसके साथ ही ममता ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जासूसी कराने के लिए बहुत पैसा खर्च कर रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि वह (केंद्र सरकार) हर चीज पर नजर रख रहे हैं। भाजपा देश को अंधकार के गर्त में ले गई है। बंगाल की जनता ने धनबल को नकार दिया है लेकिन भाजपा पूरी तरह तानाशाही पर आमादा है। इसके साथ ही उन्होंने सवीच्च न्यायालय से पेगासस जासूसी के आरोपों पर स्वतः संज्ञान लेने की अपील भी की। उन्होंने कहा, त्रिपुरा में हमारे कार्यक्रम में रोका गया है। क्या यह लोकतंत्र है? वे देश की संस्थाओं को नष्ट कर रहे हैं। मोदी सरकार को प्लास्टर करने की जरूरत है। अब हमें काम शुरू करना है। सरकार पेगासस के जरिए जासूसी करा रही है। जासूसी के लिए पैसे खर्च कर रही हैं। इसमें मंत्रियों और जजों के नंबर डाले जा रहे हैं, लेकिन इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता है।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर में देश ने गंगा में तैरती लाशें देखी हैं। ऑक्सीजन की कमी के चलते बहुत से लोगों की मौत हुई है और सरकार कहती है कि ऑक्सीजन की कमी से एक भी मौत नहीं हुई है। ममता ने कहा कि केंद्र सरकार से सिर्फ बयानबाजी कर रही है। केंद्र सरकार ने कोरोना की तीसरी लहर की भी कोई तैयारी नहीं की है। बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के कुछ सदस्य मानवाधिकार संगठन के सदस्य हैं। उन्होंने गलत रिपोर्ट डाली है। मतदान के बाद कोई हिंसा नहीं हुई। मतदान से ठीक पहले वे हम पर कैसे दबाव बना रहे हैं, हम जानते हैं।

यूपी के 217 शहरों में दी जाएगी मुफ्त वाईफाई की सुविधा, दिशा-निर्देश जारी

लखनऊ (एजेंसी)। नगर निगम वाले 17 शहरों समेत उत्तर प्रदेश के 217 शहरों में लोगों को मुफ्त वाईफाई की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए नगर विकास विभाग ने नगर आयुक्तों व अधिशासी अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसमें बड़े शहरों में दो स्थानों पर व छोटे शहरों में एक स्थान पर मुफ्त वाईफाई की सुविधा की व्यवस्था करने को कहा गया है। अपर मुख्य सचिव नगर विकास डॉ. रजनीश दुबे की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि जिन शहरों में फ्री वाईफाई की सुविधा पहले से है, लेकिन उसमें खामियां होने से लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। उन खामियों को तत्काल ठीक कराएं। प्रदेश सरकार ने नगर निगम वाले लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर, अलीगढ़ आगरा, झांसी बरेली, सहारनपुर, मुरादाबाद, मेरठ, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, मथुरा-वृंदावन और फिरोजाबाद के अलावा 200 नगर पालिका परिषद वाले शहरों में भी यह सुविधा प्रदान कराने की योजना तैयार की है। फ्री वाईफाई की सुविधा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, तहसील, कचहरी, ब्लॉक व रजिस्ट्रार ऑफिस के आसपास दी जाएगी। इसके लिए स्थान चिह्नित करने को कहा गया है। नगरीय निकाय इस सुविधा के लिए इंटरनेट कंपनियों से करार करेंगे। अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि इस सुविधा पर आने वाला खर्च स्मार्ट सिटी परियोजना या फिर नगरीय निकाय अपने स्रोत से उठाएंगे।

चन्दा टीवीएस
नगद एवं फाइनेन्स की सुविधा उपलब्ध है।
जारी बाजार, प्रयागराज मोः 9721116002

GSTIN : 09AAFTM3349D1ZK
PAN-AAFTM3349D
Reg. No.: 1/2014

मिसकीन सेवा संस्थान ट्रस्ट
Misqeen Sewa Sansthan Trust
(इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 केअन्तर्गत पंजीकृत)
श्रमिको, मजलूमों, गरीबों अनाथो के सेवा में तत्पर
फाउण्डर प्रबन्धकः अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार/ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव, प्रयागराज
कार्यालय : माण्डा वाली रोड, कोरांव–प्रयागराज,
निवास ग्राम–अल्हवा, देवघाट, कोरांव–प्रयागराज 212306
Mob.: 9450613192
E-mail: miskeenss2014@gmail.com, sahjadekoraon@gmail.com

साईं कृपा मेंस पार्लर
न्यू हेअर कट, हेअर स्ट्रेटिंग, हेअर पॅच/ विक, स्किन ट्रीटमेंट, हेअर स्पा, फायर कट मॉडेल मेकअप, नवरदेव मेकअपउ (पॅकेज)
पार्लर में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है।
प्रो0 उमेश शर्मा
Mob.: 7860823593
पता त्रिवेणीपुरम नियर पानी की टंकी झूसी प्रयागराज

केसरवानी एण्ड सन्स
नोट- हमारे यहाँ मोबिल, पाइप, पेन्ट, सेनेट्री, हार्डवेयर, दरवाजा टाइल्स, समर सेबुल पम्प, चारा मशीन, बाथरूम फिटिंग इत्यादि उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
अनुपम – 8318174147 अनमोल– 6388773491
जी0टी0 रोड, हनुमानगंज, प्रयागराज

Reg. No. U01400UP2021PTC147142
स्थापना वर्ष – 2021

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS
शेषदुर्गा हर्बल प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

प्रयागराज के किसानो से आग्रह है कि सुनहरे भविष्य के लिए औषधीय पौधों की खेती करके अपनी आय चार गुना ज्यादा बनाने के लिए कम्पनी की सदस्यता ग्रहण करें।
फाउण्डर आर. पी. पाण्डेय LL.B
ग्राम–कबरा, पोस्ट–डीहा, तहसील–करछना, प्रयागराज
रजि. कार्यालय–868/5 कृष्णा नगर, अरैल, नैनी, प्रयागराज
Mob.: 9935613506

प्रकाश हॉस्पिटल
स्वास्थ सेवाओं के लिए 24 घंटे सेवा में तत्पर

निदेशक- डॉ. विजय बाबू यादव
(सदस्य जिला पंचायत)
Mob.: 8858487147
पता–भीरपुर करछना, प्रयागराज

सूफी आशिक बाबा

सभी समस्याओं का निःशुल्क समाधान के लिए संपर्क करें।
नोट : खोए हुए व्यक्ति को हर हाल में मिलाना, ऊपरी बाधा से परेशान और उसका निःशुल्क समाधान कराना, वैवाहिक जीवन में समस्त कष्टों को दूर कराना, जिन पुरुष व युवती की शादी में किसी प्रकार का कोई रुकावट आ रहा है तो, उसका भी समाधान किया जाता है सभी समस्याओं का समाधान समय से कर दिया जाता है 30 वर्षों का अनुभव प्राप्त।
पताः एडीए कॉलोनी, पुलिस चौकी के पास, नैनी, प्रयागराज
मोबाइल नंबरः 9793403230, 9335128224

पूर्व बेसिक शिक्षा परिषद सचिव संजय सिन्हा के निलंबन पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के पूर्व सचिव संजय सिन्हा के निलंबन आदेश पर रोक लगा दी है तथा राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट ने इसी मामले में अपना अलग एडवोकेट नियुक्त करने पर महानिदेशक बेसिक शिक्षा को तलब कर लिया है। कोर्ट ने उनको व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर स्पष्ट करने के लिए कहा है कि जब उनके कार्यालय का पक्ष रखने के लिए मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने नोटिस प्राप्त किया है तो किन परिस्थितियों में उन्होंने अलग एडवोकेट पैनल नियुक्त किया।

संजय सिन्हा की याचिका पर न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने सुनवाई की। याची के अधिवक्ता का कहना था कि उनको अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा के 5 मार्च 2021 के आदेश से निलंबित कर दिया गया है। याची के खिलाफ दो अज्ञात लोगों ने शिकायत दर्ज की थी, जिसके साथ कोई शपथ पत्र दाखिल नहीं किया गया है। जबकि 19 अगस्त 2012 के शासनादेश के अनुसार किसी भी शिकायत के साथ शपथ पत्र दाखिल किया जाना आवश्यक है। याची के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाए गए हैं। जिनके आधार पर अधिकारियों ने उनको निलंबित कर दिया है। जबकि याची सितंबर 2018 तक सचिव बेसिक शिक्षा परिषद के पद पर रहा है। इसके बाद से उसने कभी भी इस पद पर काम नहीं किया है। उसके खिलाफ जो भी आरोप लगाए गए हैं, वह सचिव पद पर कार्यकाल के दौरान के हैं। सचिव पद से हटने के तीन साल बाद निलंबन की कार्रवाई की गई है। याची 31 अगस्त 2021 को सेवानिवृत्त होने जा रहा है। निलंबन आदेश मनमाना है और इसे पारित करने में विवेक का प्रयोग नही किया गया।दूसरी ओर प्रदेश सरकार का पक्ष रहे रख रहे अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल का कहना था याची पर लगाए गए आरोप गंभीर है तथा इसमें उनको बड़ा दंड मिल सकता है। कोर्ट ने याची की सेवानिवृत्ति व अन्य तथ्यों को देखते हुए निलंबन आदेश पर रोक लगा दी है तथा राज्य सरकार को 2 सप्ताह में इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।

अलग वकील नियुक्त करने से नाराज

सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार की ओर से पक्ष रखने के लिए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल उपस्थित हुए थे जबकि महानिदेशक बेसिक शिक्षा का पक्ष रखने के लिए एक प्राइवेट सीनियर एडवोकेट को अधिकृत किया गया था। इस पर कोर्ट ने जानना चाहा कि जब महानिदेशक का कार्यालय राज्य शासन के अंतर्गत आता है और सरकार का पक्ष रखने के लिए मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय ने नोटिस प्राप्त कर लिया है तो फिर महानिदेशक को अपना पक्ष रखने के लिए अलग एडवोकेट पैनल बनाने की क्या आवश्यकता पड़ी। इस पर स्पष्टीकरण के लिए कोर्ट ने महानिदेशक को अगली सुनवाई पर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

जनसमस्याओं से जूझ रहा है जंघई बाजार व स्टेशन

अखंड भारत संदेश

जंघई। पंद्रह हजार आबादी वाला जंघई बाजार जो कि तीन जिले के मध्य जौनपुर भदोही इलाहाबाद मे बसा है जहां कपड़ा लोहा अनाज रेडीमेड फल एवं सब्जी की यहां पर थोक मंडी है बैंक आफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, पोस्ट आफिस, पुलिस चौकी, महाविद्यालय, इंटर कालेज एवं जंघई जंक्शन है लेकिन स्टेशन पर पानी शौचालय आदि की व्यवस्था नदारद होने के कायण प्रतिदिन हजारों यात्रियों को चिलचिलाती धूप मूलभूत समस्याओं से दो चार होना पड रहा है आरक्षण केंद्र पर दलालों का जमावड़ा रहता है।

बाजार मे मूलभूत समस्याएं बिजली पानी सुलभ काम्पलेक्स सड़क बस स्टैन्ड न होने के कारण आम लोगो को जनसमस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्र की सबसे पुरानी बाजार होने के बावजूद बाजार आज भी समुचित विकास नही हो पाया बार बार बाजार वासियों की माँग के बावजूद बाजार टाऊन एरिया नही नही बनाया जा रहा है जिसके कारण हमेशा सड़कों पर अतिक्रमण के कारण जाम लगा रहता है बिजली पानी सड़क आदि समस्याएं मूँह फैलाये ग्रामीणों एवं बाज़ार के निवासीयों मे आक्रोश व्याप्त है । प्रतिदिन हजारों लोगो यात्रियों व्यापारियों छात्र छात्रों का आवागमन रहता है जिनको समस्याओं से दो चार होना पड़ता है बाज़ार की समस्याओं से लोगो ने निजात दिलाने की माँग की है ।

क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था चरमराई

अखंड भारत संदेश

नारीबारी। क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था चरमराई विद्युत के बार-बार टिप करने से आम उपभोक्ता परेशान। बताते चलें कि इस समय क्षेत्र में विद्युत की कटौती और बार-बार लाइन की ट्रिपिंग से आए दिन लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है और इस वर्षा काल के भीषण उमस में जो उनके लिए फजीहत का सबक बना हुआ है त् यदि विद्युत उपभोक्ताओं की माने तो सप्लाई आने जाने की कोई निश्चित व्यवस्था नहीं दिखाई देती और आए दिन देर रात तक विद्युत गुल हो जाती है जिसके चलते लोगों को मच्छरों से संघर्ष करते हुए रात बितानी पड़ती है दूसरी तरफ किसी बस्ती का ट्रांसफार्मर जल गया तो नजदीक के लोग चलते हुए ट्रांसफार्मर पर अपनी लाइन मनमाने ढंग से जोड़ लेते है जिसके चलते लोड अधिभार के कारण दूसरा ट्रांसफार्मर जलने के कगार पर पहुंच जाता है और पूरी बस्ती में अंधेरा छा जाता है यही नहीं क्षेत्र में मनमाने ढंग से चल रही एसीओ पर भी विद्युत विभाग का कोई ध्यान नहीं है जिससे कनेक्शन के अनुसार लगे हुए ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ रहा है और ट्रांसफार्मर आए दिन जल जाते है जहां दूसरा ट्रांसफार्मर आने में तमाम दिक्कतें आती है और लगभग 3 से 4 दिन लग जाते है और तो और खराब हुए ट्रांसफार्मर को ले जाने के लिए और नए ट्रांसफार्मर के आने के लिए लोगों से चंदा भी एकत्र किया जाता है क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति ने संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मिले ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ः की आर्थिक मदद्

पीडित मासूम की हालत नाजुक देख अस्पताल में कराया भर्ती

अखंड भारत संदेश

करछना। थाना क्षेत्र के भरहा गांव में तीन दिन पूर्व एक गरीब घर की मासूम बच्ची को पडोसी युवक हवस का शिकार बनाया था, जिस पर पीड़िता के परिजनों ने गांव के एक युवक को नामजद कराया था ।जिसे करछना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था ।पीडिता बहुत गरीब घर की है डाक्टरी जांच में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद से मासूम की हालत नाजुक बनी हुई है घटना की जानकारी होने पर नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख करछना सरोज द्विवेदी के पति एवं प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख ने बुधवार को पीड़िता के घर जाकर हाल-चल जाना और मासूम की हालत नाजुक देख उसे अस्पताल में भर्ती कराया, और उसकी माँ को आर्थिक मदद् करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया ।

चंपापुर पावर हाउस से बिजली कटौती ग्रामीण हैरान परेशान

जंघई। क्षेत्र के चंपापुर फीडर से दर्जनों गावों में विद्युत आपूर्ति होती है इन गाँव के हजारों लोग इन दिनो बिजली के अनियमित कटौती से हैरान व परेशान है। विद्युत कटौती रात्रि और दिन में भी की जा रही है जिसके कारण ग्रामीण बेचैन है नियमानुसार बिजली न आना बार बार बिजली कटौती से ग्रामीणों को इस उमस भरी गर्मी मे रात भर जागने के लिए विवश कर रहा है ग्रामीणों ने विद्युत कटौती रोकने की मांग की है।अनियमित रोस्टर से ग्रामीण में आक्रोश है बार बार अधिकारीयों से नियमित रोस्टर करने के लिए कहा जाता है लेकिन अनसुना कर देते है जिसके कारण ग्रामीणों मे असंतोष व्याप्त है ।

ब्लाक प्रमुख व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने शपथ लेकर संभाला दायित्व

अखंड भारत संदेश

सिरसा/मेजा। नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख क्षेत्र पंचायत सदस्यों के स्वागत में विकासखंड उरुवा कार्यालय को दुल्हन की तरह सजाए गए समारोह के दौरान शपथ ग्रहण हुआ। आयोजन में ब्लाक प्रमुख क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विधिवत शपथ ग्रहण करते हुए पद के दायित्व को संभाला। इस दौरान कोविड गाइडलाइन और सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। अकेले पप्पू गौतम एक ब्लॉक प्रमुख से तस्वीर नहीं बदल सकते प्रदेश के साथ ही भारत की तस्वीर बदलनी है तो एक बार पुनः अखिलेश सिंह यादव और मुलायम सिंह यादव को प्रदेश की कमान देनी होगी। उक्त बातें विकास खण्ड उरूवा में आयोजित नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ब्लाक प्रमुख शपथ ग्रहण समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व करछना विधायक उज्जवल रमण सिंह ने व्यक्त करते ब्लॉक प्रमुख से कहा कि हमेशा गरीब का काम करिएगा और गरीबों के आंसू पोछने का काम करिएगा इतना काम करिएगा की उरूवा ब्लाक विकास के नाम पर नंबर एक पर हो और 2022 का विधायक समाजवादी पार्टी मेजा विधानसभा का बने अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों और नवनिर्वाचित प्रधानों को बधाई दी उरूवा विकासखंड की नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आरती गौतम ने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उपस्थित जन समुदाय व अधिकारियों के समक्ष व्यक्त करते हुए कहा कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा सबको साथ लेकर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। बीडीओ सपना अवस्थी ने कहां की हमारी ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आरती गौतम बहुत ही सुलझी ब्लाक प्रमुख बनी है। हमें उम्मीद है कि वह कभी किसी को निराश नहीं करेगी। डीपीआरओ मनोज कुमार राव ने नवनिर्वाचित बीडीसी और ब्लॉक प्रमुख को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मेजा पूर्व विधायक गिरीश चंद पांडे उर्फ गामा पांडे ने कहा कि यह कुंवर साहब की जन्मभूमि कर्मभूमि है, उन्होंने ने कहीं जात पात का भेदभाव नहीं किया ब्लाक प्रमुख आरती गौतम के पति पप्पू गौतम ने कहा कि धन्य है हमारे उरूवा के ब्राह्मण भाई हम कभी उनका सम्मान नहीं भूलेंगे। पप्पू गौतम ने कहा की मैं उरूवा से भ्रष्टाचार खत्म करके दम लूंगा किसी भी कार्य को कोई पैसा मांगता है तो सीधे हमसे कहिए। प्रमुख पति ने उपस्थित पत्रकारों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक करछना उज्जवल रमण सिंह ,पूर्व विधायक मेजा गिरीश चन्द पांडेय गामा पांडेय, वरिष्ठ सपा नेता लल्लन सिंह,मेजा विधानसभा अध्यक्ष श्याम कृष्ण सिंह उर्फ पप्पू यादव चेयरमैन नगर पंचायत सिरसा, बब्बू गौतम, रचित विश्वकर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, राजेश यादव ,दिलावर सिंह, राजू सिंह, लवकुश यादव, अंकित यादव,अरविंद यादव,दीपू सिह, जय शंकर यादव बबलू,आमोद यादव,मोनू मिश्रा सभासद सिरसा,विमल सोनकर, शिव कैलाश यादव अधिवक्तता, हिमांशु विश्वकर्मा रिंकू,दिवाकर सिह यादव एडोकेट, हर्षित पांडेय, भूखल यादव,काशी नरेश यादव बड़े पैमाने पर समाजवादी पार्टी के लोग उपस्थित रहे। समारोह के अध्यक्षता नीरज सिह यादव ने किया।

मेजा पहाड़ी पर महिला का शव मिलने से मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

सिरसा/मेजा। प्रयागराज मेजा थाना क्षेत्र के दरी (सुकाठ) गांव के पहाड़ी पर एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दरी (सुकाठ) गांव के पहाड़ी पर झाड़ियों मे बुधवार सुबह एक महिला का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर कोतवाल मेजा अरुण चतुर्वेदी मय फोर्स पहुंचकर मामले की जांच मे जुट गए। महिला के शव के पास से मिले आधार कार्ड के मुताबिक महिला की शिनाख्त उषा यादव (25) पतनी जयप्रकाश यादव निवासी मिश्रपुर, दुबेपुर, (सिरसा) मेजा, प्रयागराज के रूप मे हुई। सूचना पर फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। महिला की सड़ी हुई लाश करीब चार-पांच दिन पहले की लग रही थी। कोतवाल मेजा अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि विभिनन्-बिंदुओं पर जांच की जा रही है कि महिला की हत्या कर शव दरी (सुकाठ) गांव के पहाड़ी पर झाड़ियों मे फेंक दिया गया है। वहीं मौके पर कोतवाल मेजा अरुण चतुर्वेदी, चौकी प्रभारी कोहड़ार विनोद कुमार सिंह, चौकी प्रभारी मेजारोड पंकज कुमार त्रिपाठी, दरोगा संजय यादव व फोरेंसिक टीम सहित भारी संख्या मे पुलिस बल व दरी गांव के प्रधान हरिबिलास यादव मौजूद रहे। महिला का मायका करछना थाना क्षेत्र के कालू का पूरा गांव मे है।

कौधियारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई 05 अदत जिंदा देसी बम के साथ दो नफर अभियुक्त गण गिरफ्तार अपराधियों में मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

जारी/प्रयागराज। एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के मार्गदर्शन में शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत देसी बम के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार कौधियारा थाना अंतर्गत कौधियारा थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक नवीन कुमार सिंह मय पुलिस बल के द्वारा मु0अ0सं0 167/2021 धारा 4/5 मु0अ0स0 से सम्बन्धित विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में अभियुक्त मुख्तार तानी पुत्र मकबूल निवासीअकोड़ा कौधियारा प्रयागराज दूसरा अभियुक्त फारुख अहमद पुत्र हैदर अली निवासी ग्राम गौसिया थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी संबंधित मु0अ0स0168/2021 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार करने वाली टीम उपनिरीक्षक नवीन कुमार सिंह हेड कांस्टेबल लक्ष्मीनारायण कांस्टेबल देव प्रकाश होमगार्ड सुग्रीव सिंह ।

गाय के बचाने के चक्कर में हुआ दुर्घटना बाइक चालक की रास्ते में मौत

अखंड भारत संदेश

बहरिया। बहरिया थाना क्षेत्र के सिकन्दरा चौकी अंतर्गत ग्राम सभा बीरभानपुर के निवासी सत्यप्रकाश सरोज पुत्र दौलतराम उम्र 25 वर्ष अपने साथी राम बृक्ष सरोज पुत्र द्वारिका प्रसाद सरोज उम्र 27 वर्ष के साथ मंगलवार की रात काम करके प्रयागराज से अपने घर की ओर जा रहा था।कि अचानक सिलोखरा चौराहे के सामने जैसे ही पहुंचा था।कि एक गाय उसकी बाइक के करीब पहुंच गई।उसी को बचाने के चक्कर में गाड़ी का संतुलन बिगड़ जाने के कारण पटरी के बगल बने हुए घर की दीवाल से टक्कर हो गई। जिससे सत्य प्रकाश सरोज के सिर में गंभीर चोटें आई जिसके कारण वह बेहोश होकर गिर पड़ा साथ ही उसका दोस्त राम बृक्ष सरोज भी बाइक से छिटक कर कुछ दूर जा गिर पड़ा।उसको भी मामूली चोटे आई लेकिन वह संभल कर खड़ा हुआ और अपने साथी की हालत नाजुक देखकर तुरंत ही 108 नंबर एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पाकर एंबुलेंस के साथ सिकंदरा चौकी की पुलिस दोनों को एंबुलेंस पर लेटा कर जिला अस्पताल के लिए भेजा दीया।जहां पर रास्ते में ही सत्य प्रकाश की हालत नाजुक हो गई।और उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।घटना की सूचना पाकर घरवाले भी आनन-फानन में बहरिया थाने पहुंचे तो देखा कि सत्य प्रकाश मृत्यु पड़ा है।जिसको देखकर घरवाले रोने बिखरने लगे बुधवार की सुबह बहरिया पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की शादी वर्ष 2018 में हुई थी।पर अभी कोई बच्चे नहीं है।उसी जगह लोगों का कहना है।कि मृतक यदि हेलमेट पहने होता ऐसी घटना से बचा जा सकता था। जिससे परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

अल्हवा ग्राम पंचायत में समस्याओं का अंबार

पंद्रह साल के अंदर ग्राम के मिनी चीफ मिनिस्टर लोगों ने कागजों पर ही किए विकास

मार्गों की नवैयतें बदल गई आना जाना दुश्वार,नई गठित ग्राम की सरकार काया कल्प में जुटी,जन प्रतिनिधियों से विकास की लगाई गुहार

के के शुक्ला

बड़ोखर/प्रयागराज। ग्रामों के नियुक्त मुखिया यदि पद एवम गोपनीयता की शपथ का ज़रा भी एहसास करें या करते तो निश्चय ही गांवों की तस्वीरें बदलती हुई नजर आती। जिन गांवों के मुखिया विकास को जमीनी स्तर पर किया वहां आज भी प्रशंसनीय है।ब्लाक कोरांव के ग्राम पंचायत अल्हवा आज अपनी बदकिस्मती पर आंसू बहा रहा है।

गांव की मुख्य सड़क और सम्पर्क मार्ग बिल्कुल समाप्त है,आवागमन में बरसात के समय और भी समस्याएं उत्पनन् हो गई है। बरसात का पानी लोगों के घरों में घुस रहा,वाहनों को आने जाने में कठिनाइयां हो रही। श्रमिक बाहुल्य ग्राम सभा अल्वा पेयजल,मार्ग निर्माण,मरम्मती करण से वंचित है। ग्राम सभा की जितने सार्वजनिक भूखंड है भू माफियाओं के कब्जे में है। एक बाप के तीन चार औलादें उनके परिजन छोटे घरों में कशमकश कि जिंदगी ब्यातित कर रहे हैं। यदि अनाधिकृत जमीनें भू माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराकर आवासीय,और कृषि कार्य हेतु आवंटित कर दी जाएं तो गरीबों दलितों पिछड़ों का विकास निश्चित तौर पर हो जाएगा। इस निमित्त नए ग्राम प्रधान अल्हवा ब्लाक कोरांव जो मिसकिन् सेवा संस्थान ट्रस्ट के संस्थापक प्रबन्धक भी है व सोशल एक्टिविस्ट अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे वरिष्ठ पत्रकार हैं ग्राम की तस्वीर बदलने में जुट गए हैं।

पूर्व प्रधान लोगों ने विकास को कागजों पर ज्यादा दिखाया है। जमीनी स्तर पर कम,दलित बस्तियों की बिल्कुल अनदेखी की गई। सरकारी आवासों को पूर्व ग्राम प्रधानों ने अपने चहेतों अपात्रों बड़े काश्तकारों

पक्के मकान वालों वाहन मालिकों को दिए।जिससे गरीब आवास सुविधा से वंचित रह गए। अब उन्हे आवास दिलाने की प्रक्रिया खुली बैठक के जरिए पात्रता के आधार पर प्रस्ताव तैयार कराकर सरकार के पास भेजी जा रही है। साथ ही उन्हें आवास निर्माण में भूमि की कमी न होने की समस्या न आए, उस निमित्त ग्राम प्रधान शहजादे द्वारा पट्टे की कार्यवाही शुरू की है। जिस बाबत जिलाधिकारी उपजिलाधिकारी को पूर्व में सूचित कर सहयोग की अपेछा की है। ग्राम में तकरीबन 133 चक्मार्ग,नवीन परती बनजर,बचत,की तीस बीघा करीब जमीनें व पचासों बीघा नदी नालों खलिहानों आदि की अनाधिकृत रूप से कब्जा कर रखी है। नवीन परती बचत बनजर की जमीनें प्रधान द्वारा आवासीय और कृषि कार्य हेतु आवंटित की जाएगी, सेस नदी नाला खलिहान आदि सार्वजनिक जमीनें सब पौधरोपण के लिए रिजर्व,कर ग्राम सभा द्वारा पौधरोपण कराई जाएंगी। गठित राजस्व टीमों से अतिक्रमण करने पर कब्जा न छोड़ने वालों के खिलाफ एंटी भू माफिया अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। ग्राम प्रधान ने बताया कि मेरा उद्देश्य है गरीबों,आवास हिनों को भूमि ब्यावस्था करना और राजस्व हितों की देखभाल करना। मार्गों को निर्मित कराकर ग्रामीणों को सुविधाएं प्रदान करना।

क्या बोले ग्राम प्रधान....

हमने गांव की बागडोर तो संभाली है,किन्तु दस सालों में जितने विकास कार्य कागजों पर हुए जमीनी स्तर पर होता तो गांव का समग्र विकास होता। जितना बजट गांव कट है शायद उससे काया कल्प सम्भव नहीं है। शिकायतों पर भी कोई अधिकारी भ्रष्ट्राचार की जांच रिकवरी नहीं कर रहे।माननीय विधायक कोरांव से मार्गों के निर्माण आदि का प्रस्ताव उपजिलाधिकारी के माध्यम से दिया है। जिसपर उन्होंने आश्वासन दिया है। एक मिडिल स्कूल की व अस्पताल की भी मांग की है। ब्लाक प्रमुख कोरांव को एक मार्ग के निर्माण का भी प्रथम बैठक में प्रस्ताव दिया है।

अहद अहमद उर्फ शहजादे
ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव, प्रयागराज

कुएं में गिरने से युवक की मौत, परिजनों में मचा रहा कोहराम

नैनी। औद्योगिक क्षेत्र के विशंभर पुर गांव में बुधवार को कुएं में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के विशंभर पुर गांव निवासी आनंद पाठक (26) पुत्र सालिक राम पाठक दो भाइयों में छोटे थे और ?वह घर पर ही रहते थे। परिजनों के मुताबिक उसका दिमागी हालत सही नहीं चल रहा था और चिकित्सकों द्वारा इलाज भी जारी था। बुधवार सुबह लगभग 9:00 बजे वह अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित एक कुएं के पास पहुंचा और छलांग लगा दी। यह देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस के साथ ही फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हालांकि पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

गुंडा टैक्स वसूल रहे दो लोगों को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़/प्रयागराज। वाहन चालकों से अवैध वसूली का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही ट्रक चालकों से वसूली के मामले में पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारी की थी।बुधवार को फिर उसी तरह की शिकायत सामने आने पर पुलिस ने ट्रक, ट्रैक्टर चालकों को डरा-धमकाकर वसूली करने वाले दो दबंगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए दबंगों के खिलाफ विधिक कार्यावाही की जा रही है।यह गिरफ्तारी यमुनापार के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने की है।शंकरगढ़ पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के पटहट रोड में ट्रक व ट्रैक्टर चालको से अवैध वसूली की शिकायत मिली। इस मामले में शंकरगढ़ कस्बे के वार्ड संख्या तीन, गुड़िया तालाब कस्बा निवासी अंजनी त्रिपाठी पुत्र कृष्णाकांत त्रिपाठी ने लिखित तहरीर दी। आरोप लगाया कि इनसे गुंडा टैक्स मांगा गया और नहीं देने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले की शिकायत मिलने के बाद थाने की पुलिस ने अपराध संख्या 251-21 के तहत 386, 504, 507 के तहत राजेंद्र सिंह (निवासी खबरा, जनेह, जनपद रींवा, मध्य प्रदेश) आदि के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इसके बाद एसओ कुलदीप कुमार तिवारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने छापेमारी शुरू की और दो घंटे के अंदर ही राजेंद्र सिंह पुत्र द्वारिका सिंह और लवकुश पुत्र लल्लन सिंह (पटहट, जनेह, रींवा, मध्य प्रदेश) को धर दबोचा।

भीगी पलकों से खंड शिक्षा अधिकारी को किया विदा

शिक्षक संघ के पदाधिकारी, एआरपी और शिक्षक समेत भावुक हुआ बीआरसी स्टाफ

कौड़िहार बीईओ के तबादले पर आयोजित हुआ विदाई समारोह

अखंड भारत संदेश

लालगोपालगंज। सरकारी सेवाओं में तबादला नीति और नियम तो जरूर है, परंतु शानदार शख्सियत के मालिक कौडि़हार बीईओ के कुशल नेतृत्व ने शिक्षकों को मोह लिया। जिनके तबादला की सूचना शिक्षकों पर बेहद गेरां गुजर गई। विदाई समारोह में जाहिरी तौर पर चेहरे पर मुस्कुराहट तो जरूर थी, परंतु हर दिल से कराह निकल गई। जुदाई के गम ने हर आंख को नम कर दिया।

लालगोपालगंज के इब्राहिमपुर स्थित केयू गार्डन में खंड शिक्षा अधिकारी कौडि़हार का विदाई समारोह आयोजित हुआ। इमराना मुस्ताक, अर्चना शर्मा, अपर्णा यादव ने कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना से किया। चमकता के तौर पर बीईओ शिव कुमार यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कौडि़हार ब्लाक के योग्य अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने प्रेरणा मिशन को शिखर पर ले जाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर अपना दायित्व निभाया। कौडि़हार प्रेरक ब्लॉक बनने के बिल्कुल करीब पहुंच गया है। इसका जब भी एलान होगा, मैं जहां रहूंगा वहां मुझे बेहद खुशी एवं प्रसनन्ता होगी। इससे पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण, महामंत्री बालेंद्र पांडे, एआरपी जय सिंह, प्रभा शंकर शर्मा, अजमल अमीन अंसारी, अवनीश सिंह, विष्णु मिश्रा, विनीत सिंह यादव, इमरान कलीम, राजेश शुक्ला आदि ने संबोधन किया। कोषाध्यक्ष रामलाल प्रजापति, मदन मोहन शुक्ला, बलवीर यादव, धीरेंद्र, अजीत कुशवाहा, जानकी प्रसाद, सूरज शुक्ला, दिनेश यादव, अरविंद, अविनाश कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, बाल कृष्ण, सुधीर निषाद, अखिल आदि ने बीईओ का माल्यार्पण किया। वहीं अर्चना शर्मा, गरिमा मेहरोत्रा, नीलू सिंह, श्रद्धा सिन्हा, अपर्णा यादव, इमराना मुस्ताक, वंदना वर्मा, आराधना चित्रांशी, रीता पांडे, सोनी यादव, सुमन वर्मा, सरित गोस्वामी, पूनम चौधरी, निधि यादव और बबली रानी ने पुष्प देकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का कुशल आयोजन इमरान कलीम ने किया। जबकि संचालन की भूमिका ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण और विनीत यादव ने संयुक्त रूप से निभाई।

सामुदायिक शौचालय की नवनिर्वाचित प्रधान ने फीता काटकर किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

रत्योरा/प्रयागराज। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार ग्रामीण इलाकों में महिला सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु भारी भरकम धनराशि अवमुक्त हो गई है। जिससे ग्रामीण लोग खुले में शौच न करे । और बढ़ती हुई गन्दगी पर नियंत्रण के साथ मंशा की पूर्ति हो विकास खण्ड कोरांव के रत्योरा करपिया गाँव में सामुदायिक शौचालय निर्माण कराया गया।पुर्ण रूप से शौचालय बनाने के बाद नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान शशिकांत ने फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रधान शशिकांत ने कहा कि गाँव में सामुदायिक शौचालय बनने से गाँव स्वच्छ रहेगा ।और सरकार की सोच भी है कि गांव की महिलाओं को शौच के लिए बाहर सड़क पर खुले में शौच मुक्त हो सके।शशिकांत ने ग्रामीणों से अपील किया कि अब रोड के किनारे शौच न करे जिससे गांव स्वच्छ साबित हो सके।मौके पर लक्ष्मीकांत उर्फ नेता शशिकांत तिवारी शैलेन्द्र पाल राकेश कुमार उर्फ पप्पू मिश्र महेंद्र कुमार आदिवासी रामशंकर पांडेय ग्राम सेवक प्रवीण कुमार पांडेय आशा आगनवाड़ी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

अल्लापुर में प्रतियोगी छात्रा ने लगाई फांसी, परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। अल्लापुर में रहने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही नीति यादव ने मंगलवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। छात्रा के मामा ने उसके ससुराल वालों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। नीति यादव (27) देवरिया के रहने वाले विजय यादव की बेटी थी। वह अल्लापुर में पंकज कुमार के घर में किराए का कमरा लेकर पिछले कई सालों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। मंगलवार रात उसकी सहेली ने फोन किया लेकिन कई बार रिंग जाने के बाद भी फोन नहीं उठा। बाद में सहेली ने मकान मालिक को फोन किया। मकान मालिक पंकज ने नीति के कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो पुलिस को सचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो वह फांसी पर लटकी थी। कमरे की तलाशी ली गई लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। घर वालों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बुधवार को नीति के घर वाले देवरिया से पहुंच गए। नीति के मामा डा. महेश यादव ने बताया कि नीति की देवरिया में ही शादी हुई थी। वह ससुराल में सिर्फ तीन महीने ही रही। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल वाले उसे प्रताडि़त करते थे।

बकरीद पर्व पर मेजा पुलिस बल दिखी मुस्तैद

थाना प्रभारी ने प्रोटोकॉल के तहत बकरीद पर्व अदायगी को लेकर किया गया जागरूक

अखंड भारत संदेश

सिरसा/मेजा। प्रयागराज मेजा विधानसभा में नगर पंचायत सिरसा में बुधवार की सुबह थाना प्रभारी अरुण कुमार चतुर्वेदी भारी पुलिस बल के साथ नगर पंचायत सिरसा मस्जिद,छठवाँ मस्जिद, रामनगर मस्जिद, खानपुर मस्जिद,मेजारोड मस्जिद आदि स्थानों पर मुस्तैद रहे। उन्होंने बताया कि शांति पूर्ण तरीके से पर्व को सम्पनन कराने की लोगों से अपील की गई है। मुस्लिम समुदाय के लोगों को थाना प्रभारी ने बकरीद पर्व का मुबारकबाद भी दिया। वहीं कोविड-19 नियमों के अनुपालन हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी ने मस्जिदों पर पहुंचकर कोविड प्रोटोकॉल के तहत पर्व अदायगी को लेकर जागरूक किया।,सिरसा पुलिस चौकी इंचार्ज,मेजारोड चौकी प्रभारी पंकज त्रिपाठी लोटाढ़ मस्जिद पर तथा उपनिरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह ,जय सिंह,लूतर मस्जिद पर पुलिस कमिर्यों के साथ मुस्तैदी के साथ डटे रहे।

मऊआइमा में शांतिपूर्वक मनाया गया ईदुल अज़हा का पर्व

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में ईदुल अजहा का पर्व भाई चारा अमन चैन के साथ मनाया गया । इस अवसर पर विषेश नमाज़ अदा की गई । एंव कुर्बानी की रस्म अदा की गई। मऊआइमा में पूरी अकीदत और एहतराम के साथ ईदुल अजहा(बकरीद) को त्योहार मनाया गया । ईदगाह में चंद लोगों तथा मस्जिदों में भी विषेज्ञ नमाज़ अदा की गई । कोरोना संक्रमण बंदीशों के कारण ज्दातर लोगों ने घरों पर ही नमाज़ अदा की। मुल्क में अमन चैन कायम रहने और कोरोना की महामारी के खात्मे के लिए दुआएं की गई। नमाज़ के बाद लोगों ने घरों में कुर्बानी की और सुनन्ते इब्राहीम पर अमल किए। इस अवसर पर क्षेत्र में पुलिस काफी चौकस रही। बता दें कि कुर्बानी की रस्में तीन दिनों तक चलती है । समाचार लिखे जाने तक कोई अनहोनी की सूचना नहीं प्राप्त हुई है। क्षेत्र में हर जगह अमन शांति के साथ ईदुल अजहा का पर्व (बकरीद) मनाने की सूचना है।

जमीनी विवाद में मार पीट चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कटरा दयाराम गांव में जमीनी विवाद को लेकर मार कई में घायल हुए हैं। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।मऊआइमा क्षेत्र के कटरादयाराम गांव निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र हकीम उद्दीन का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसे और उसके परिजनों को मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए । मोहम्मद इमरान ने मऊआइमा थाने में मोहम्मद आलीमीन ,मोहम्मद उबैद ,मोहम्मद इमदाद ,मोहम्मद आजमीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

ईद उल अजहा पर अमन शांति को उठे हाथ

सरकार की गाइडलाइन के साथ ईद उल अजहा की अदा की नमाज़

अखंड भारत संदेश

करछना। थाना क्षेत्र चकमिश्रान की अब्बासी मस्जिद समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल अजहा पूरी अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाई गई। करछना की प्रमुख मस्जिदों में सरकार की गाइडलाइंस के तहत सोशल डिस्टेंसिंग के साथ सुबह 50 50 की संख्या में समुदाय के लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। हिन्दूपुर ग्रामसभा के चकमिश्रान स्थित अब्बासी मस्जिद में हाजी मो0 हुसैन ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई।

नमाज के बाद देश और प्रदेश की खुशहाली, अमन शांति और खुशहाली की दुआ के साथ कौम की तरक्की और कोरोना से पूरे मुल्क की हिफाज़त तथा इसके खात्मे के लिए दुआ की गई। नमाज अदा करने से पहले शाहबाज़ हक़ ने कहा कि ईद उल अजहा का त्योहार जहां हमें त्याग और बलिदान की प्रेरणा देता है वहीं यह त्योहार अमन व शांति का संदेश भी देता तथा पैगंबर हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी अल्लाह की राह में दी थी, जिसकी याद में ईद-उल-अजहा का यह त्योहार आज तक पूरी दुनिया में मुसलमान मनाते है। और कुर्बानी का मतलब किसी अन्य धर्म के मानने वालों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं होना चाहिए बल्कि अन्य धर्मी के लोगों की आस्था को ध्यान में रखते हुए इस त्योहार को पवत्रिता और सद्भाव के रूप में मनाना चाहिए। ईदुल अजहा की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने कुर्बानी की रस्म अदा की।

ईदगाह में सिर्फ 5 लोगों ने नमाज अदा किया

अखंड भारत संदेश

बहरिया/जुगनीडी। सुनबरसा ईदगाह में सिकंदरा पुलिस चौकी पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में आरिफ सिपाही के साथ गुफरान मलिक अपने साथियों के साथ नमाज अदा किए।समाजवादी नेता गुफरान मलिक जनाब आजम खान सांसद जी के के लिए भी दुआकी गई।उनकी सेहत के लिए भी दुआ की गई सांसद आजम खान अभी लखनऊ मेदांता अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। साथ मे मुल्क में अमन शांति के लिए खुशहाली और तरक्की के लिए भी दुआ हुई कोरोना गाइडलाइन को देखते हुए बाकी लोगों ने अपने अपने घरों में नमाज अदा किया ईदगाह में मौजूद लोग गुफरान मलिक मौलाना शमशुल हक आफताब आलम आरिफ सिपाही मौलाना बिस्मिल मौजूद रहे।

अकीदत के साथ मनाया गया ईद उल अजहा का त्यौहार

अखंड भारत संदेश

ईदगाह में नमाज ना पढ़ पाने के कारण दिखीं मायूसी

कोरांव/प्रयागराज। भाईचारा त्याग और समर्पण का त्यौहार ईद उल अजहा आज पूरे देश के साथ साथ तहसील कोरांव अंतर्गत कस्बा कोरांव महुली संसारपुर देवघाट अल्हवा पैतिहा अमिलिया कोसफरा सेमरीहा रत्यौरा करपिया कुदर कपासी समेत सभी मुस्लिम बस्तियों में पूरे शानो शौकत और अकीदत के साथ मनाया गया। हालांकि कोविड 19 को लेकर शासन द्वारा ईदगाहो में नमाज को लेकर प्रतिबंध लगाया गया था जिसके कारण नमाजियों में मायूसी भी देखी गई और घर पर ही नमाज अदा कर त्यौहार के रस्मो रिवाज को अता किया। इस मौके पर मेहताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने बताया कि ईद उल अजहा यानी बकरीद इस?लाम धर्म को मानने वाले लोगों का प्रमुख त?योहार है। इस्लामिक मान्यता के अनुसार, हजरत इब्राहिम अपने पुत्र हजरत इस्माइल को इसी दिन खुदा के हुक्म पर खुदा की राह में कुर्बान करने जा रहे थे, तो अल्लाह ने उनके पुत्र को जीवनदान दे दिया उन?हीं की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है।ईद-उल-अजहा को कहीं भी बकरीद नहीं कहा जाता। ईद-उल-अजहा का यह नाम बकरों की कुर्बानी करने की वजह से पड़ गया। बकरा ईद के अवसर पर सबसे पहले नमाज अदा की जाती है। इसके बाद बकरे या तुंबे-भेड़ की कुर्बानी दी जाती है।

मंत्री पद न मिलने पर डॉक्टर संजय निषाद के बदले सुर, भाजपा को बताया समाज का सबसे बड़ा हितेषी

अखंड भारत संदेश

नैनी। भाजपा से उप मुख्यमंत्री का पद मांग कर बगावती तेवर दिखाने वाले निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद के सुर बदल गए हैं। प्रयागराज जिले के नैनी स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे डाः संजय निषाद ने भाजपा का गुणगान करते दिखे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए डाः संजय निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी की भलाई भाजपा के साथ रहने में ही है। खुद को डिप्टी सीएम बनाये जाने के मसले पर उन्होंने कहा कि मेरे बयान को गलत ढंग से दिखाया गया है। उनकी पार्टी के नेताओं की सलाह दी थी कि डाः संजय निषाद को डिप्टी सीएम बनाया जाए, लेकिन उनकी ऐसी कभी भी ऐसी कोई मांग नहीं थी।

निषाद पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष डाः संजय निषाद ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। उत्तर प्रदेश में अभी तक भाजपा की सरकार ने ही निषादों के लिए जो कुछ किया है उसको भुलाया नहीं जा सकता है। बाकी सभी पाटिर्यों ने 70 साल तक निषाद समाज को वोट बैंक की तरह ही इस्तेमाल किया है। बीजेपी ही एक मात्र पार्टी है। जिसने निषाद राज के श्रृंगवेरपुर में विकास की गंगा बहाई है। निषाद राज की धरती के विकास के लिए हजार करोड़ रुपए तक खर्च किए है। ये सब कुछ भाजपा कि सरकार ने किया है। यही वजह है कि निषाद पार्टी भाजपा के साथ जुड़ी हुई है। क्योंकि निषाद पार्टी और निषादों की भलाई सिर्फ भाजपा के साथ रहने में ही है। इसी वजह से वह अपनी पार्टी का हाथ भाजपा के हाथ से मिलाए हुए हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद डाः संजय निषाद और कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद डाः संजय निषाद और कार्यकर्ता सपा व बसपा पार्टी को विरोधी तक दे डाला। डाः

संजय निषाद ने जहां भाजपा को अपना हितैषी और शुभचिंतक बताया, वहीं सपा और बसपा को निषाद विरोधी भी करार दिया। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा ने निषाद समुदाय के विकास के लिए कुछ नहीं किया। निषाद समाज को एससी की तरह आरक्षण दिलाने की लड़ाई में भी ये लोग साथ नहीं दिए हैं। बसपा प्रमुख पर निशाना साधने के साथ ही अपनी अहमियत बताते हुए ताकत का भी आभास करवाया। डाः संजय निषाद ने कहा कि पौवा भर दलित वोट के नाम पर पार्टी बनाकर दलित की बेटी मुख्यमंत्री बन गई। निषादों के अलग-अलग बिरादरी के झौवा भर वोट है। जो उससे कहीं ज्यादा हैं। उसी झौवा भर वोट को लेकर हमने भी पार्टी बनाई है। हमारे वोटरों का उत्तर प्रदेश भर में 160 सीटों पर असर है। इसी वजह से हमारे समर्थकों ने कहा था कि हमें डिप्टी सीएम का चेहरा बनाया जाए तो 2022 में निश्चित जीत मिलेगी, लेकिन मेरे इस बयान को तोड़-मरोड़कर दिखाया और बताया गया था।

सीएम योगी की जमकर तारीफ

नैनी। बता दें कि आने वाले दिनों में यूपी में मंत्रिमंडल का भी विस्तार होना है। जिसको लेकर अभी निषाद पार्टी सरकार और सीएम के प्रति बेहद नरम दिख रही है। निषाद पार्टी के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निषादों का हितैषी बताया है। उन्होंने कहा कि जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री नहीं थे। तब से वो निषादों की समस्याओं को लोकसभा में उठाते रहे हैं। इसलिए उनसे उम्मीद है कि वो हमारी सभी समस्याओं को दूर कर मांगे पूरी करेंगे।

कार्यकर्ता सम्मेलन में निषाद पार्टी में शामिल हुए लोग

नैनी। नैनी इलाके में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में डाः संजय निषाद शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपनी पार्टी का विस्तार भी किया। पार्टी में कुछ लोगों ने सदस्यता ग्रहण की, जिसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी की नीतियों से सभी को अवगत करवाया। इस मौके पर निषादों के हक की लड़ाई लड़ने का दावा करने वाले संजय निषाद ने कहा कि उनकी पार्टी निषादों को उनका हक दिलाने के लिए ये लड़ाई आगे भी जारी रखेगी।

डिप्टी सीएम बनाए तो सत्ता में होगी वापसी

नैनी। बता दें कि एनडीए गठबंधन का हिस्सा निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संजय निषाद ने भाजपा से 2022 में खुद को डिप्टी सीएम का चेहरा बनाकर चुनाव लड़े जाने की मांग की थी और कहा था कि निषाद समाज के लोग उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। मुख्यमंत्री न सही उन्हें उपमुख्यमंत्री का चेहरा बनाकर 2022 के चुनाव में यदि भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ती है तो सत्ता में जरूर आएगी।

क्रियायोग रिचार्जिंग विधि सभी प्रकार की बीमारियों को दूर करने की अचूक औषधि : स्वामी श्री योगी सत्यम

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान के संस्थापक क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम ने साधकों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए 1 से 42 तक क्रियायोग रिचार्जिंग विधि के महत्व को वैज्ञानिक तरीके के साथ अभ्यास कराया, तथा रिचार्जिंग विधि के महत्व को समझाया। गुरु जी स्वामी श्री योगी सत्यम ने स्पष्ट किया कि क्रियायोग में वर्णित रिचार्जिंग विधि सभी प्रकार की बीमारियों को दूर करने की अचूक औषधि है। रिचार्जिंग में भूमध्य साधना, एवं ब्रह्मदंड एकाग्रता के साथ शरीर के अंगों में प्राणशक्ति द्वारा गति प्रदान करते है। सिर और रीड के अंदर ब्रेन एंड स्पाइन कार्ड में एकाग्रता बढ़ाने पर ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति होती है। क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम ने स्पष्ट करते हुए कहा कि क्रियायोग साधक रिचार्जिंग क्रिया करने से समस्त प्रकार की बीमारियों को स्वतः दूर हो जाती है।

मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला ने लगाई फांसी, मौत

प्रयागराज। अतरसुइया थाना क्षाना क्षेत्र के अखाड़ा मान सिंह इलाके में रहने वाली अलका खनन ने फांसी लगाकर जान दे दी। मंगलवार की रात उनके बेटे ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। अखाड़ा मान सिंह इलाके में रहने वाली अलका खनन (50) के पति रमेश खनन की मौत हो चकी है। वह बेटे रोहित के साथ रहती थी। अलका पिछले कई सालों से मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं। उनका लगातार इलाज कराया जा रहा था। मंगलवार की रात बेटे रोहित ने देखा तो उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी।

अज्ञात वृद्धा महिला का शव सड़क के किनारे मिला

अखंड भारत संदेश

सिरसा/मेजा। प्रयागराज माण्डा पुलिस ने बुधवार दोपहर एक वृद्धा का शव बरामद किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के प्रयागराज-मिर्जापुर बार्डर स्थित पाली इलाके में सड़क के किनारे एक वृद्ध महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर माण्डा प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित दलबल सहित घटनास्थल पहुचें। पुलिस ने शव के शिनाख्त का काफी समय तक प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस के मुताबिक वृद्ध महिला इधर उधर घूम टहल कर जीविका चला रही थी, हालांकि शव के शिनाख्त होने पर ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस कार्यवाही में जुटी रही।

पाकीजगी के साथ मना कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा

नमाज पढ़कर मांगी कोरोना निजात व वतन के हिफाजत की दुआ

प्रतापगढ़। कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) जिले भर में पाकीजगी भरे माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर सभी वर्ग तथा समुदाय के लोगों ने आपस में मिलकर ईद की खुशियां बांटी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली। नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी दिये जाने की रस्म अदा की गयी। इस दौरान नमाज पढ़कर वतन के हिफाजत और कोविड महामारी खत्म होने की दुआएं भी की गयी।

ईद-उल-अजहा पर बुधवार को भुलियापुर स्थित ईदगाह में 7.30 बजे, मस्जिद बेगम वार्ड में 9.00 बजे, जेल रोड स्थित जामा मस्जिद में 7.30 बजे, शेखजी मस्जिद में 7.30 बजे, अल्ला रक्खू मस्जिद में 8.00 बजे, चांदतारा मस्जिद में 7.30 बजे, गुलशने मदीना में 8.00 बजे, स्टेशन वाली मस्जिद में 8.00 बजे, पाईक रोड स्थित बिलाली मस्जिद में 8.00 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज पाकीजा माहौल में कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए केवल 50 नमाजियों के साथ अदा की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मिश्रित आबादी वाले इलाकों और मस्जिद के आस-पास भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे।

इस दौरान मस्जिदों में वतन की हिफाजत व कोरोना महामारी को दूर करने के लिये विशेष दुआएं करायी गयी। लोगों ने ईद-उल-अजहा की खास डिश सेवईं का खुब लुत्फ उठाया। सुबह से ही ईद-उल-अजहा की खुशी हर ओर झलक रही थी। बता दें कि पिछली बाद कोरोना महामारी के चलते ईद-अल-अजहा की नमाज घरों में की गई थी लेकिन इस बार शासन के निर्देश पर 50 आदमियों के साथ नमाज अदा करने की छूट पर हर मस्जिदें नमाजियों से गुलजार रही। नमाज के बाद जानवरों की कुर्बानी दिये जाने की रस्म अदा की गई। इस दौरान लोग एक दूसरे को वाट्सअप और फोन पर बकरीद की मुबारकबाद देते रहे।

सादगी से मना ईद-उल-अजहा का त्योहार

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां, मुरस्सापुर, बाजिदपुर, कालाकांकर, ब्रमहौली, आलापुर, ककरिहा, क्षेत्र में मुस्लिम भाइयों ने ईद उल अजहा का त्योहार बड़ी ही सादगी के साथ कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए मनाया। परियावां दरगाह में हाफिज समसुल आरफीन ने नमाज अदा कराई। उसके बाद सभी ने एक दूसरे को ईद उल अजहा की मुबारक बाद दी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए। नवाबगंज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह अपने उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, रामअधार के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। शांति पूर्ण ढंग से त्योहार सम्पनन होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

बकरीद पर पूरे नगर की सफाई के बाद हुआ सेनेटाइजेशन

नगर पालिकाध्यक्ष ने दी पर्व की मुबारकबाद

प्रतापगढ़। ईद उल अजहा (बकरीद) के अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने सभी मुस्लिम भाइयों और बहनों को कुर्बानी के इस त्योहार पर मुबारकबाद देते हुए पूरे नगर में साफ-सफाई करवाकर सेनेटाइजेशन करवाया और प्रमुख चैराहों पर चूना छिड़कवाया। सुबह सात बजे तक पूरे शहर में सफाई हो चुकी थी और चैराहों पर चूने छिड़के हुए थे। उसके बाद सेनेटाइजर की बड़ी मशीन से पूरे नगर में तथा प्रमुख मस्जिदों में सेनेटाइजेशन किया गया।

नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शासन के आदेश तथा नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देश पर भोर से ही सफाई कर्मचारी अपने काम में लग गये थे। उन्होंने बताया कि सुबह सात बजे तक पूरे शहर की सफाई हो चुकी थी और चैराहों पर चूने का छिड़काव कर दिया गया था। मैजिक पर सेनेटाइजर की बड़ी मशीन रखकर नगर में सेनेटाइजेशन का कार्य आज तेजी से किया गया। पूरा नगर साफ-सुथरा दिख रहा था और चैराहों पर चूने के छिड़काव से लग रहा था कि आज कोई विशेष अवसर है। उन्होंने यह भी बताया कि सुबह से ही मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने का क्रम शुरु हो गया था इसलिये इसके पहले पूरे नगर की सफाई की गई।

विधायक के सेनिटाइजेशन अभियान में दी गयी जागरूकता

लालगंज/प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा चलाये जा रहे गांव-गांव सेनिटाइंजेशन के तहत लोगों को कोरोना महामारी से बचाव की जागरूकता दी गयी। सीडब्लूसी मेम्बर प्रमोद तिवारी के जन्मदिन से शुरू हुए विधायक मोना के निजी खर्च से सेनिटाइंजेशन अभियान के तहत बाबा घुइसरनाथ धाम, बभनपुर एवं स्थानीय नेता जी पुरम वार्ड में कार्यकर्ताओं की टोली ने घरों तथा सार्वजनिक संस्थानों में सेनिटाइंजेशन कराया। लोगों में अभियान के तहत विधायक की ओर से भेजी गयी निजी मशीनों को सेनिटाइंजेशन करते देख आराधना मिश्रा मोना की सराहना भी दिखी। अभियान के तहत रामू मिश्रा, विनय पाण्डेय, रोहित मिश्रा, शिवम पाण्डेय, फक्कड़ पाण्डेय आदि रहे।

स्वाती पांडेय का वरिष्ठ युवा कल्याण अधिकारी के पद पर हुआ चयन

अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद ने स्वाती को दी बधाई

प्रतापगढ़। जिले की कुंडा तहसील के थाना बाघराय क्षेत्रांतर्गत ग्राम पुवांसी (बदली का पुरवा) निवासी पंडित सतीश चंद्र पांडेय की बेटी स्वाती पांडेय का युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग में वरिष्ठ युवा कल्याण अधिकारी के पद पर चयन होने का समाचार मिलने पर अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद ने अपार प्रसनन्ता व्यक्त करते हुए जनपद प्रतापगढ़ की लाडली बेटी स्वाती पांडेय एवं समस्त परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दिया है।

यह जानकर परिषद को और प्रसनन्ता हुई है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी एवं कैबिनेट मंत्री उपेंद्र तिवारी द्वारा स्वाती पांडेय को उनकी मां शशि कला पांडेय, पिता पं0 सतीश चंद्र पांडेय एवं भाई शिवम व लिटिल की उपस्थिति में राजधानी लखनऊ बुलाकर नियुक्ति पत्र देते हुए सम्मानित भी किया गया है।

वरिष्ठ युवा कल्याण अधिकारी पद पर नवनियुक्त स्वाती पांडेय को बधाई व शुभकामना देने वालों में अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सिद्धिनाथ शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष परशुराम उपाध्याय सुमन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, महामंत्री योगेश चंद्र शुक्ल किसान, प्रवक्ता सुरेश संभव, प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर मत्स्येन्द्र प्रभाकर, प्रांतीय संयोजक डॉ शक्ति कुमार पांडेय, संरक्षक राधेश्याम शुक्ला एडवोकेट,जिलाध्यक्ष इंजीनियर ओमप्रकाश पांडेय गुड्डू सहित दिवाकर दिग्गज, हौसिला प्रसाद ओझा, मनोकानिका उपाध्याय, डॉक्टर सौरभ पांडेय,राजेश कुमार मिश्र, अनूप अनुपम, पवन शुक्ला, अवध नारायण शुक्ल वियोगी, शेषमणि मिश्र, दिनेश उपाध्याय, सुनील प्रभाकर, बाबूलाल मिश्र, प्रेम शंकर शुक्ला, रामनिरंजन शुक्ला आदि प्रमुख हैं।

आरोपियों पर एससी एसटी का मामला दर्ज

पट्टी, प्रतापगढ़। बाजार से घर लौट रहे एक युवक को आरोपियों ने मारा पीटा गाली गलौज किया तथा जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसकी भावनाओं को आहत किया युवक की तहरीर पर पट्टी कोतवाली ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। जनपद जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र के लोहिंदा गांव का रहने वाला राकेश पुत्र ओम प्रकाश ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते 2 जुलाई को वह पट्टी बाजार दवा लेने आ रहा था तभी पवन तथा रामनरेश ने उसे पुरानी रंजिश के कारण रास्ते में जमकर मारा पीटा गाली गलौज किया तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया पट्टी कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया।

माता समूह द्वारा चलाई जा रही कक्षाओं का उप प्राचार्य ने किया निरीक्षण

पढ़ाई का स्तर जानने के लिये बच्चों से पूछे गये सवाल

प्रतापगढ़। सदर विकास खंड स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर में डायट मेंटर एवं उप प्राचार्य अमरेंद्र मिश्र ने माता समूह द्वारा कोरोनाकाल के दौरान घर पर ही चलाई जा रही कक्षाओं का निरीक्षण किया।

प्रधानाध्यापिका प्राची पांडे के मार्गदर्शन में तैयार टी एल एम सामग्री नियमित रूप से माता समूह की महिलाओं को विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा उपलब्ध कराई जाती है जिससे खाली समय में माता समूह की महिलाएं अपने एवं आसपास के बच्चों को पढ़ाया करती हैं। उनके इस कार्य में विद्यालयीय समय में शिक्षिकाएं भी अध्यापन में सहयोग किया करती हैं। डायट मेंटर श्री मिश्र ने पढ़ाई लिखाई का स्तर जांचने के लिए बच्चों से प्रशन भी किए जिसका बच्चों द्वारा जवाब दिए जाने से उन्होंने बच्चों को शाबाशी दी। उन्होंने विद्यालयीय अभिलेखों की साज-सज्जा, रख-रखाव तथा टी एल एम आदि का निरीक्षण किया और उसे बेहतर पाए जाने पर प्रधानाध्यापिका की प्रशंसा की। जहनईपुर में माता समूह द्वारा शिक्षण कार्य गत सत्र से अनवरत जारी है। पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह द्वारा भी माता समूह के माध्यम से गांव के कोने-कोने में कक्षाएं चलाए जाने की प्रशंसा की गई थी। इस दौरान ए आर पी देवेंद्र कुमार ओझा, विद्यालय के शिक्षक जिष्णेद्र प्रताप सिंह, सोनू सिंह, शिखा, वर्षा पांडे, शिखा मिश्रा, श्रुति मिश्रा, पुष्पा वर्मा, अरुणा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

ब्लाक कालाकांकर कम्प्यूटर आपरेटर ने किया लाखों का गबन, मचा हड़कम्प

परियावां, प्रतापगढ़। एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार मे दोषी पाए जाने के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कह रहे है वही दूसरी तरफ ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर में कार्यरत रहे कम्प्यूटर आपरेटर मो0 इस्लाम ने अपने कार्यकाल के दौरान कालाकांकर ब्लाक के 41 गांवों में विकास योजनाओं के पैसे का गबन किया जिसकी शिकायत पर जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर खण्ड विकास अधिकारी अपर्णा सैनी ने मंगलवार को नवाबगज पुलिस को तहरीर देकर मो0 इस्लाम समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जांच में गड़बड़ी मिलने पर ब्लाक मुख्यालय में हड़कम्प मचा हुआ है। मालूम हो कि ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के कम्प्यूटर आपरेटर मो0 इस्लाम ने फर्म संचालक मो0 इश्तियाक ट्रेडर्स लवाना व मोहम्मद इम्तियाज की मिली भगत से ब्लाक कालाकांकर के 41 गांव के मनरेगा बोर्ड व फोटो ग्राफर के नाम पर पांच लाख पांच हजार आठ सौ चालीस रुपये का फर्जी तरीके से गबन कर लिया जिसकी शिकायत मिलने पर बीडीओ अपर्णा सैनी ने जांच कराई। जांच में खुलासा होने पर पुलिस को तहरीर देकर रिकवरी करने के लिए मुकदमा दर्ज कराया। मो0 इस्लाम वर्तमान समय मे ब्लाक मुख्यालय बाबागंज में कार्यरत है।

विधायक ने किया पूर्व प्रधानाचार्य को सम्मानित

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय ब्लाक परिसर में नवनिर्वाचित प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शिक्षा तथा सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए पूर्व प्रधानाचार्य एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद तिवारी को सम्मानित किया। विधायक मोना ने स्वयं तथा सीडब्लूसी मेम्बर प्रमोद तिवारी की ओर से प्रतिनिधि एवं पूर्व प्राचार्य को सम्मान चिन्ह प्रदान कर शुभकामनायें सौपी। वही प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के साथ मौजूद अतिथियों ने पूर्व प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी के जन्मदिन की भी उन्हें शुभकामनायें प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज व संचालन ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह ददन, लालदेव सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश, पप्पू तिवारी, छोटे लाल सरोज, महमूद आलम, हृदय नारायण मिश्र, बृजेश द्विवेदी, प्रीतेन्द्र ओझा आदि रहे।

पत्रकार के माता-पिता के निधन पर सांत्वना देने पहुँचे राजा भईया

परियावां/प्रतापगढ़। जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया बुधवार को परियावां बाजार के सुरेश कुमार पाण्डेय (पत्रकार) के घर पहुँचकर परिजनों को माता पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया और कहा कि बच्चों के सिर से माता पिता दोनों का साया चला गया।

सुरेश पाण्डेय के माता पिता दोनों बड़े ही भाग्य शाली रहे जो 13 दिनों के अंदर ईश्वर ने अपने पास बुला लिया। ईश्वर दोनों माता पिता की आत्मा को शांति प्रदान करे। यही मेरी सच्ची श्रद्धांजलि है। ईश्वर इस अपार दुःख को परिजनों को सहने की शक्ति दे। इस दुख की घड़ी जनसत्ता परिवार आपके साथ है।

इस मौके पर कालाकांकर पूर्व प्रमुख बीएन सिंह, बिनोद सरोज, हरिओम शंकर श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह, संजय त्रिपाठी, डॉ सतपाल वर्मा, सुरेश यादव, अनिल मौर्या,रमेश कुमार, रामजी मोदनवाल,शिवेंद्र तिवारी, राघवेन्द्र तिवारी, ब्रजेन्द्र तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

खड़े ट्रक में घुसी बाइक, युवक की मौत, साथी गंभीर

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के पृथ्वीगंज चैकी अंतर्गत लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग छैवापुल के समीप बुधवार की दोपहर अनियंत्रित हुई बाइक पीछे से खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक अखिलेश जायसवाल (24) व मो0 अनीस (26) निवासी सहसों प्रयागराज के बताए गए। बाइक अखिलेश चला रहा था और अनीस पीछे बैठा हुआ था। रानीगंज की ओर से भुपियामऊ के लिए जा रहा था तभी छैवापुल के पास खड़े ट्रक में बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से जा टकराई जिससे एक की मौत हो गई और दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। परवेज अहमद की सूचना पर पहुंचे पृथ्वीगंज चैकी इंचार्ज अमित द्विवेदी अपने हमराहियों के साथ घायल को पीआरबी 112 की सहायता से जिला अस्पताल व शव को एंबुलेंस की सहायता से पोस्टमार्टम के लिए भेजे और बाइक को कब्जे में लेकर चैकी ले गए।

29 को आएंगे बसपा के महासचिव सतीश मिश्र!

प्रतापगढ़। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों में सरगमियां बढ़ गई है। ब्राम्हणों को साधने के लिये बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश मिश्र का सम्भावित दौरा 29 जुलाई को है और वह, भाईचारा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बाघराय, प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के बारौ गांव निवासिनी महिला ने थाना बाघराय में तहरीर दी है कि लगभग 8 माह पहले जलालपुर गांव निवासी नीरज पटेल पुत्र शिव मूर्ति एवं कुछ लोगों ने जबरन दुष्कर्म किया था। इस पर बाघराय पुलिस ने जलालपुर गांव निवासी नीरज कुमार एवं मायाराम एवं शिव मूर्ति एवं सहयोग करने में नीरज की मां के विरुद्ध धारा 376, 500, 120 बी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। बाघराय थाने के एस आई विनोद कुमार ने दबिश देकर जलालपुर गांव निवासी नीरज पटेल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

विद्युत चेकिंग टीम से अवैध कनेक्शनधारकों से विवाद, हुई हाथापाई

संविदा कर्मियों ने दी थाने में तहरीर

पट्टी, प्रतापगढ़। अवैध विद्युत कनेक्शन व कटियामारी के खिलाफ निकली संविदाकमिर्यों की टीम से अवैध कनेक्शनधारकों का विवाद हो गया। हाथापाई के दौरान जान से मारने की धमकी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। पीड़ित संविदाकमिर्यों की ओर से कंधई थाने में तहरीर दी गई।

विद्युत उपकेंद्र सोनाही के संविदाकर्मी पंकज कुमार जायसवाल, दुर्गेश तिवारी, योगेंद्र कुमार, मुजफ्फर हुसैन व सचिन शुक्ला की टीम शीतलागंज कस्बे में मंगलवार दोपहर दो बजे विद्युत चोरी रोकने के लिए निकली थी। इस दौरान कस्बे के दो लोग अवैध विद्युत उपयोग करते हुए पाए गए। टीम उनकी केबल निकालने लगी। इस दौरान अवैध कनेक्शनधारकों ने चेकिंग के लिए पहुंची टीम के साथ विवाद करते हुए हाथापाई की। दोबारा बाजार में आने पर जान से मारने की धमकी दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। पीड़ित संविदाकमिर्यों ने कंधई थाने में घटना की तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। जेई रणविजय सिंह ने बताया कि शीतलागंज कस्बे में अवैध विद्युत उपयोग की जानकारी पर संविदाकमिर्यों की टीम मौके पर गई थी। टीम के लोगों से अवैध कनेक्शनधारकों ने बहस करते हुए मारपीट की। मामले की सूचना थाने में दी गई है। कंधई पुलिस ने बताया कि शीतलागंज में संविदाकमिर्यों के साथ बहस होने की जानकारी मिली। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई करेगी।

लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

पट्टी, प्रतापगढ़। बीते 15 जुलाई को एक महिला के बाजार जाते समय 5000 नगदी तथा मोबाइल की लूट के मामले में पट्टी कोतवाली में मामला दर्ज कर लिया गया। वही कंधई पुलिस ने बुधवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीते 15 जुलाई को 2 बाइक पर सवार चार बदमाशों ने पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भैतपुर गांव की रहने वाली सुशीला के मकरा बाजार जाते समय रास्ते में रोककर गले से सोने की लॉकेट 5000 नगद तथा मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए थे पीड़ित महिला ने इस मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था बुधवार को मुखबिर की सूचना पर कराई पुलिस के सहयोग से कंधई थाना क्षेत्र के बिनैका गांव निवासी वैभव सिंह पुत्र शिव प्रकाश सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया उसके पास से नकदी पैसे बरामद किया गया।

दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मामला दर्ज

पट्टी, प्रतापगढ़। एक पतनी के रहते दूसरी महिला के साथ रहने तथा विवाहिता को दहेज उत्पीड़न कर उसके साथ मारपीट करने उसे घर से भगा देने पर विवाहिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने ससुरालजनों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बरहूपुर गांव की रहने वाली रेनू पुत्री बनारसीलाल की शादी आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव के रहने वाले जितेंद्र के साथ हुई थी । पीड़िता ने तहरीर में बताया कि विवाह के बाद आए दिन अक्सर ससुरालीजन और पति मारपीट करते रहते थे अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसके साथ गाली-गलौज करते थे पीड़िता ने आरोप लगाया कि रेनू नाम की एक महिला के साथ उसके पति का अवैध संबंध है जिसके कारण उसके घर परिवार का सुखचैन समाप्त हो चुका है पीड़िता की तहरीर पर पट्टी कोतवाली पुलिस ने पति जितेंद्र ससुर रामआसरे सास रामरती तथा दूसरी महिला रेनू पर दहेज उत्पीड़न मारपीट गाली गलौज सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

गोलीबारी व बमबाजी में अनिरुद्ध की मौत से गांव में तनाव

पोस्टमार्टम में पहुंचे रानीगंज विधायक, नहीं बख्शे जाएंगे दोषी

विनोद दुबे सहित 17 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र में चुनावी रंजिश के चलते मंगलवार को हुई गोलीबारी में घायल की मौत से पूरे गांव में तनाव फैल गया है। इसमें हुई मौत पर आज पोस्टमार्टम हाउस पर भारी भीड़ देखने को मिली जहां क्षेत्रीय विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी। इस दौरान उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

घटना के बारे में बताया जाता है कि रानीगंज थाना क्षेत्र के दहेरकला निवासी शिवनारायण सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। ब्लाक प्रमुख चुनाव में मतदान को लेकर गांव के कुछ लोगों से उनकी तनातनी चल रही थी। मंगलवार को रानीगंज ट्रामा सेंटर में तैनात अभिषेक मिश्र उर्फ ननकई शिव नारायण के घर की ओर गया था। आरोप है कि शिव नारायण सिंह के चचेरे भाई रणजीत सिंह उर्फ राजू पक्ष के लोगों ने उसे घर में बंद कर बुरी तरह पीटा था। इसकी जानकारी होने पर दूसरे पक्ष के दर्जनों लोग अभिषेक को बचाने के लिये रणजीत के यहां पहुंच गये थे। देखते ही देखते दोनों ओर से फायरिंग व बमबाजी होने लगी जिसमें तीन लोगों को गोली लगी और मारपीट में तीन लोग घायल हुए। ग्रामीणों की मानें तो 15 राउण्ड फायरिंग के साथ जमकर बमबाजी हुई थी। गोलियों से पूरा इलाका गूंज उठा था। गांव का हर कोई व्यक्ति खौफजदा दिखाई पड़ रहा था। पुलिस के पहुंचने पर बंधक बनाये गये अभिषेक को बाहर निकालकर सीएचसी भेजा गया। उधर पिटाई से घायल अनिरुद्ध सिंह की मौत की खबर मिलते ही सीओ रानीगंज अतुल त्रिपाठी के साथ पुलिस गांव में डट गई। मृतक अनिरुद्ध का बड़ा बेटा राजेश सिंह रिटायर्ड फौजी है। छोटा बेटा रणजीत है। मारपीट के दौरान वह बीच-बचाव कर रहा था। इस मामले में पुलिस ने विनोद दुबे सहित 17 लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। विनोद दुबे शिवगढ़ ब्लाक प्रमुख के प्रत्याशी रहे हैं। इस मामले में विनोद दुबे, आदर्श दुबे समेत नौ व्यक्तियों पर नामजद सहित कुल 17 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

विचार

सम्पादकीय

पेगासस मामले की जांच हो

पहली बात यह कि सवाल पेगासस या ऐसे किसी अन्य टूल का नहीं बल्कि उसके उपयोग और दुरुपयोग का है। जो देश पेगासस की लिस्ट में नहीं हैं, वे भी कोई दूध के धुले नहीं हैं। पिछले साल ही अमेरिका की एक अदालत ने वहां की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी द्वारा देश के अंदर बड़े पैमाने पर कराई गई फोन सर्वेलांस को असंवैधानिक करार दिया था। संसद के मॉनसून सत्र के शुरुआती दो दिन हंगामे की भेंट चढ़ गए। इस बार मामला कथित तौर पर जासूसी के एक अंतरराष्ट्रीय भंडाफोड़ से जुड़ा है। पेरिस स्थित एक मीडिया नॉन प्रॉफिट फॉरबिडेन स्टोरीज और ऐमनेस्टी इंटरनैशनल को विभिनन् देशों के ऐसे 50,000 फोन नंबरों की सूची मिली, जिनके बारे में संदेह है कि पेगासस स्पाईवेयर के जरिए उनकी हैकिंग कराई गई। इन नंबरों में भारत के 40 पत्रकारों सहित केंद्रीय मंत्रियों, विपक्ष के नेताओं, सुरक्षा संगठनों के मौजूदा और पूर्व प्रमुखों, वैज्ञानिकों आदि के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। इस्राइली कंपनी एनएसओ ग्रुप के पेगासस स्पाईवेयर से जुड़ा विवाद दो साल पहले भी उठा था। सरकार ने तब भी इस बात से इनकार किया था कि किसी तरह की अवैध निगरानी कराई जा रही है। इस बार भी केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री ने संसद में साफ-साफ कहा कि भारत में चेक एंड बैलेंस की जितनी पक्की कानूनी व्यवस्था है, उसमें यह संभव ही नहीं कि सरकार के स्तर पर किसी तरह से अवैध जासूसी कराई जा सके। लेकिन जब इस तरह के सवाल उठ जाते हैं तो सिर्फ खंडन से बात नहीं बनती। कोई ऐसा रास्ता तलाशना पड़ता है, जिससे सवालों के विश्वसनीय जवाब मिल सकें।

जब तक ऐसी कोई राह नहीं निकलती, तब तक हंगामा और आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चलता रहेगा। इस बीच यह देखना भी जरूरी है कि शोर-शराबे में इस मुद्दे से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण पहलू दब न जाएं। पहली बात यह कि सवाल पेगासस या ऐसे किसी अन्य टूल का नहीं बल्कि उसके उपयोग और दुरुपयोग का है। जो देश पेगासस की लिस्ट में नहीं हैं, वे भी कोई दूध के धुले नहीं हैं। पिछले साल ही अमेरिका की एक अदालत ने वहां की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी द्वारा देश के अंदर बड़े पैमाने पर कराई गई फोन सर्वेलांस को असंवैधानिक करार दिया था। दूसरी बात यह कि जब फोन सर्वेलांस के ऐसे साधन उपलब्ध नहीं थे, तब भी सत्ता पक्ष द्वारा इस तरह की निगरानी कराई जाती थी। इसी आधार पर इसे सत्ता का स्वभाव करार देते हुए स्वाभाविक बताने की भी कोशिश कुछ हलकों से हो रही है। लेकिन यह समझा जाना चाहिए कि सत्ता के ऐसे स्वभाव पर अंकुश लगाने की कोशिशों से ही लोकतंत्र का जन्म और विकास हुआ है। प्राइवेसी लोकतंत्र की ओर से हर नागरिक को मिला एक ऐसा उपहार है, जिसे सत्ता के स्वभाव की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। वैसे, अभी तो यह देखना होगा कि आरोपों में कितनी सचाई है, लेकिन अगर यह सच है तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन की इस कोशिश को हलके में लेना वैश्विक लोकतंत्र को खतरे में डालना होगा। इसलिए सरकारों की कोई सीधी भूमिका हो या न हो, इसकी विश्वसनीय जांच से कतराने की कोई वजह नहीं है।

नई जिम्मेदारी, अब परफॉर्मेंस की बारी!

डॉ. रमेश ठाकुर

15 कैबिनेट और 28 राज्य मंत्रियों के साथ बड़े निराले अंदाज में मोदी सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। शपथ ग्रहण का समय छह बजे था लेकिन तबतक तेज आंधी की भांति हलचलें मची रही। मंत्रिमंडल विस्तार से चर्चा, मंत्रियों को हटाए जाने को लेकर होने लगी। सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा के साथ मीटिंग की, तब लोगों को लगा मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर मंथन किया जा रहा है। लेकिन मीटिंग में कई मौजूदा मंत्रियों को मंत्री पद से हटाने की पटकथा लिखी जा रही थी। बैठक खत्म होते इस्तीफों की झड़ी लग गई। स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार की अगुवाई करने वाले सभी मंत्रियों को एकसाथ निपटा दिया गया। दर्जन भर मंत्रियों के औसत परफॉर्मेंस को देखते हुए उनकी छुट्टी कर दी गई। कुछ को इनाम भी मिला। कुल 43 मंत्रियों को शामिल किया गया। नई कैबिनेट में कई पूर्व चिकित्सक, आईएएस, इंजीनियर व उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों का जबरदस्त समावेश है।

गौरतलब है, केंद्र सरकार के कामकाज के लिहाज से बीते सात वर्षों के दरम्यान चर्चा मोदी मंत्रिमंडल की कम, बल्कि मोदी मॉडल की ज्यादा हुई और लगातार हो रही है। क्योंकि सरकार के दोनों कार्यकालों की परस्पर संरचना, अबतक के सभी प्रधानमंत्रियों से जुदा रही है। उनके काम करने के अंदाज से तो सभी भली-भांति परिचित हैं ही। क्योंकि उनके निणन्य सभी को चौंकाते रहे हैं। इससे पहले भी कई मर्तबा मीडिया में खबरें आई कि मोदी कैबिनेट में फेरबदल होगा। पर, सभी खबरें अफवाह और हवा हवाई साबित हुईं। आम लोगों के अलावा राजनीतिक पंडितों के सभी कयास धराशायी हुए। दरअसल, मोदी शुरू से ही अपने काम करने के अंदाज और नीति, नियमों और निणन्यों से देशवासियों को चकित करते रहे हैं। उनके फैसले की किसी को कानों कान भनक तक नहीं लगती। यहां तक उनके मंत्रियों को भी आभास नहीं हो पाता कि मोदी क्या करने वाले हैं। मीटिंग में मंत्रियों को बुलाया तो जाता है पर मुद्दा मीटिंग में ही पता चलता है। बहरहाल, मोदी ने शुरू से ही मंत्रिमंडल विस्तार पर ज्यादा विश्वास नहीं किया। पहला कार्यकाल भी ऐसे ही बीता। उन्होंने हमेशा मंत्रियों के अपने पदों पर बने रहने का उपयुक्त और भरपूर वक्त दिया। इसका एक कारण यह भी रहा, मंत्रियों को ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता मिली और उनके कार्य की गुणवत्ता में निखार भी देखने को मिला। इस फॉर्मूले से कई मंत्रियों ने बेहतरीन काम भी करके दिखाया। यही वजह है कुछ विभाग ऐसे हैं जो पिछले कार्यकाल में जिन मंत्रियों के पास थे, वह मौजूदा कार्यकाल में भी यथावत हैं। जबकि, पिछली हुकूमतों में मंत्रियों के विभाग साल के भीतर ही बदल दिए जाते रहे हैं। काबिलेगौर है इतने अल्प अवधि में कोई भी मंत्री अपना परफॉर्मेंस नहीं दे पाएगा और न दिखा पाएगा। समय और स्वतंत्रता देने के मामले में सभी मंत्री मोदी की तारीफ भी करते हैं।

फिलहाल अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करने के बाद प्रधानमंत्री की कोशिश यही है कि जिन नए मंत्रियों को अपनी टीम में उन्होंने जोड़ा है। वह नवीनतम मंत्री दिए गए पद को रेवड़ियां नहीं समझेंगे, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी समझकर अपने दायित्वों का निर्वाह करेंगे और जनता की सेवा में तनमन से जुटेंगे। विस्तार के रूप में युवाओं से सजाई गई मोदी टीम में भूपेंद्र यादव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, हिना गावित, प्रताप सिन्हा, अजय भट्ट, सर्वानंद सोनोवाल, अनुप्रिया पटेल, अश्विनी वैष्णवी, अजय मिश्रा जैसे उर्जावान मंत्रियों से खुद प्रधानमंत्री बड़ी उम्मीद लगाए बैठे हैं। इस बात से सभी वाकिफ हैं कि प्रधानमंत्री की टीम का हिस्सा बनने का मतलब काम करना होगा, न कि मंत्री बनकर रौब दिखाना। शासन व्यवस्था में बदलाव के लिए प्रधानमंत्री ने एक और नए मंत्रालय को बनाया है, मिनिस्ट्री ऑफ को-ऑपरेशन। इस मंत्रालय को बनाने का खास उद्देश्य सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करना होगा। मंत्रिमंडल विस्तार को ज्यादातर लोग आगामी चुनावों से जोड़कर देख रहे हैं। पर एक वर्ग इसे बदलाव का बड़ा कदम मानकर देख रहा है। नवीनतम मंत्रालय के जरिए प्रत्येक विभागों में निगरानी के तौर पर प्रशासनिक, कानूनी, और नीतिगत ढांचे का प्रसार किया जाना बताया जा रहा है। हालांकि नफा-नुकसान एकाध वर्ष बीत जाने के बाद ही पता चलेगा। मोदी कार्यकाल के सात सालों में पहली मर्तबा मोदी कैबिनेट अबतक की सबसे युवा टीम है, जिसमें महिलाओं का प्रतिनिधित्व भी ठीकठीक बढ़ा है। विस्तार से पहले तक मंत्रियों की संख्या 53 मात्र थी, कई विभाग बिना मंत्रियों के रिक्त थे, उन्हें भी भरा गया है।

कम मंत्रियों से कैबिनेट चलाने का एक खास मकसद मोदी का खर्चों में बचत करना भी था। एक मंत्रालय पर सालाना करोड़ों रुपए का खर्च आता है, जिसे सरकार ने बखूबी बचाया। मंत्रिमंडल विस्तार में बड़े राज्यों का ज्यादा ख्याल रखा गया। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र आदि राज्यों से ज्यादा मंत्री बनाए गए हैं। केंद्र सरकार एनडीए गठबंधन की है तो बाकी सहयोगी दलों के नेताओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई। पर, दो नाम ऐसे हैं जिन पर आने वाले समय में परेशानियां हो सकती हैं। नारायण राणे और पशुपति कुमार पारस। कुछ समय से धीरे-धीरे भाजपा और शिवसेना के रिश्ते मधुरता की तरफ बढ़े हैं, इस बीच राणे का मंत्री बनाना दोनों के रिश्तों में खलल भी डाल सकता है। वहीं, एलजेपी के बागी सांसद और स्वयंभू पार्टी अध्यक्ष पशुपति पारस के नाम पर सांसद चिराग पासवान को घोर एतराज है। उनका कहना है कि उनकी बिना इजाजत के उनकी पार्टी से कोई मंत्री कैसे बन सकता है। इसके लिए उन्होंने कोर्ट तक जाने की धमकी दे डाली है। वैसे, बीते मंत्रीमंडल विस्तार के अनुभव तो यही कहते हैं कि केंद्र सरकारों में फेरबदल का मतलब सियासी जरूरतों का पूरा करना और चुनावों में फायदा उठना ही होता है। लेकिन इसबार ऐसा कुछ दिखाई नहीं पड़ता। कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जिनके हालात कोरोना संकट में खराब हुए हैं। मोदी टीम में विस्तार करने का मुख्य मकसद यही है कि उन क्षेत्रों में टीमवर्क के जरिए कठिन समस्याओं से उभारा जाए। हालांकि टाइमिंग कुछ ऐसी है जो सीधे आरोप लगाती है कि आगामी कुछ महीनों में पांच राज्यों में चुनाव होने हैं उनको ध्यान में रखकर मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा रहा है। विपक्षी पाटिन्यां खासकर कांग्रेस तो यही कह रही है। बाकी आने वाला समय बताएगा।

साउथ अफ्रीका में सभी निशाने पर हैं, भारतीय भी

तारेश हरिप्रसाद

पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की गिरफ्तारी के बाद से दक्षिण अफ्रीका में हिंसा हो रही है। जगह-जगह हिंसक विरोध-प्रदर्शनों में सैकड़ों लोग मारे गए हैं। इस हिंसा में भारतीय समुदाय को भी निशाना बनाया जा रहा है। असल में जुमा पर करप्शन के कई आरोप थे। इस सिलसिले में डेप्युटी चीफ जस्टिस रेमंड जोंडो की अध्यक्षता वाले इन्क्वायरी कमिशन ने उन्हें गवाही देने के लिए बुलाया। जुमा ने इनकार कर दिया। इसके बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें आकर गवाही देने का निर्देश दिया। जुमा ने इस आदेश की भी अनदेखी की। लिहाजा, उन पर कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट (अदालत की अवमानना) का चार्ज लगा और उन्हें 15 महीने जेल की सजा सुनाई गई। गिरफ्तारी से बचने के सारे कानूनी उपाय आजमाने के बाद जुमा ने खुद को कानून और पुलिस के हवाले कर दिया। इसी के बाद कम्युनिटी लेवल पर तनाव बढ़ा।जिन लुटेरों की बात हो रही है, उन्होंने जुमा की रिहाई की मांग की। इन लोगों ने धमकी दी कि ऐसा नहीं करने पर वे प्रदर्शन और तेज करेंगे। इसी से लूटपाट और अशांति की शुरुआत हुई। इसके बाद यह मामला तूल पकड़ता गया। दक्षिण अफ्रीका में जो सामाजिक और आर्थिक गैर-बराबरी है, उससे भी इसे हवा मिली। हालात इस कदर बिगड़ गए कि लॉ एन्फोर्समेंट एजेंसियों और सेना को भी इसे संभालने में दिक्कत हुई। पुलिस मिनिस्टर और राष्ट्रपति सिरी रामाफोसा ने भी माना कि यह मामला शायद उनके कंट्रोल से बाहर था। इसके बाद देश में एकदम लॉकडाउन हुआ क्योंकि अपराधी हर मॉल और शॉपिंग सेंटर को लूट रहे थे।

इस हिंसा का खासतौर पर क्वाजुलु-नटाल सूबे में काफी असर हुआ। फिर यह सब धीरे-धीरे जोहानेसबर्ग और होटेंग तक फैल गया। क्वाजुलु-नटाल में 200 के करीब लोग मारे गए, 2000 के करीब उपद्रवियों को अरेस्ट किया गया। होटेंग में मरने वालों की संख्या 40 से कम थी और यहां 862 लोगों को अरेस्ट किया गया। आखिरकार सरकार को हिंसा रोकने के लिए सेना भेजनी पड़ी। गौर करने की बात यह है कि यहां जो लूटपाट हो रही है, उसका असर सभी समुदायों पर पड़ा है। आप चाहे इंडियन हों, ब्लैक हों, वाइट हों या फिर कलर्ड हों, आप जानते हैं कि डरबन में काफी इंडियंस के बिजनेस हैं, दुकानें हैं, इंडस्ट्री है। यहां तक कि वाइट लोगों की भी इंडस्ट्रीज, बिजनेस और शॉप्स हैं। ब्लैक लोगों के भी बिजनेसेज, इंडस्ट्रीज और शॉप्स हैं। सब लूटे जा रहे हैं। यह कहना गलत है कि केवल इंडियंस पर अटैक हो रहा है। हर नस्ल के लोगों पर हमले हो रहे हैं दक्षिण अफ्रीका में। कुछ जगहों पर इन अपराधियों को वहां के रेजिडेंट्स की कम्युनिटी पुलिसिंग फोरम्स ने रोका कि अगर आप यहां के नहीं हैं तो अंदर नहीं आ सकते। उसी दौरान तनाव बढ़ गया। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैल गया कि रेजिडेंट कम्युनिटी पुलिसिंग फोरम्स की ओर से नस्लवाद हुआ। मगर यह नस्लवाद का मामला नहीं है, यहां तो अपराधियों को रोका गया। सरकार का कहना है कि यह सुनियोजित हिंसा है। इसकी योजना पहले से बनाई गई थी। इंटेलिजेंस एजेंसियों ने हमलावरों की पहचान की है। हिंसा के मामलों की जांच चल रही है। इसके पूरा होने के बाद और लोगों की गिरफ्तारी से इनकार नहीं किया जा सकता। यहां जो हो रहा है, उसका देश की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। एक वक्त था, जब दक्षिण अफ्रीका की इकॉनमी तेजी से बढ़ रही थी। इमर्जिंग मार्केट्स के बाद इसे ग्रोथ की नई मंजिल कहा जा रहा था और दुनिया भर की कंपनियों की वहां निवेश में दिलचस्पी थी। इस हिंसा से विदेशी निवेशकों को मायूसी होगी।

इस महामारी से कैसे बच निकले नक्सली?

आलोक प्रकाश

माओवादियों की केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय की 7 जुलाई 2021 की एक विज्ञप्ति की आखिरी लाइन है, 'संघर्ष के सिवा जनता के न्यूनतम नागरिक और जनवादी अधिकारों को बचाया नहीं जा सकता और संघर्ष के सिवा कोई चारा नहीं है।' भारत में माओवादियों को शायद अंतहीन गुरिल्ला लड़ाई का प्रशिक्षण और भरोसा ही जिंदा रखे हुए है, नहीं तो पिछले पचास सालों में सैकड़ों बार इस आंदोलन के खत्म हो जाने की घोषणा की जा चुकी है। तब भी, जब 1967 के नक्सलवादी आंदोलन को तीन-चार सालों के भीतर ही कुचल दिया गया था और तब भी जब किशनजी या आजाद जैसे माओवादी मारे गए। शीर्ष माओवादी नेताओं के आत्मसमर्पण के बाद भी ऐसे ही दावे होते हैं और यह सिलसिला अब भी जारी है। कोरोना के कारण जब माओवादियों की केंद्रीय कमेटी के सदस्य हरिभूषण या विनोद की मौत की खबर आई तो एक बार फिर सैकड़ों माओवादियों के गंभीर रूप से बीमार होने के साथ ऐसे भी कयास लगने लगे कि क्या कोरोना माओवादियों के पूरे आंदोलन को निगल जाएगा? लेकिन इन अटकलों के साथ-साथ माओवाद प्रभावित इलाकों से ऐसी खबरें भी आने लगीं कि माओवादी अपने लिए कोरोना की दवाओं और टीके का इंतजाम करने में सफल रहे हैं।

खबरों की मानें तो माओवादी जिस तरह अपनी दूसरी जरूरतों को पूरा करते रहे हैं, उसी तरह शहरी नेटवर्क और ग्रामीण इलाकों में काम करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं पर दबाव बना कर उन्होंने दवा और कोरोना का टीका भी हासिल कर लिया। कुछ इलाकों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से दवा और टीका लूटने की भी खबरें आईं, लेकिन इनकी पुष्टि नहीं हो पाई। माओवादियों की लगभग हरेक टीम में दवा और छोटे-मोटे शल्य चिकित्सा के जानकार होते हैं। खुफिया सूत्रों की मानें तो कोरोना के ताजा हमले के बाद माओवादियों की टीम के चिकित्सा व्यवस्था के जानकारों की जिम्मेवारी और बढ़ गई है। यूं तो बस्तर के इलाके में पुलिस ने बीमार माओवादियों को समर्पण के लिए प्रेरित करने की लगातार कोशिश की। समर्पण करने वाले माओवादियों का इलाज भी किया गया,

लेकिन कोरोना से हुई लगभग दर्जन भर मौतों के बाद भी माओवादी अपने कैडर को आत्मसमर्पण से रोकने में सफल रहे हैं। यह सही है कि पिछले कुछ सालों में छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में सुरक्षा बलों की तगड़ी कार्रवाई और घेराबंदी के कारण माओवादी मुश्किल में आए हैं। माओवादियों ने तो पिछले कुछ महीनों में अपने ठिकानों पर ड्रोन से बम गिराए जाने के भी आरोप लगाए हैं, जबकि पुलिस इससे इनकार करती आई है। ड्रोन से जंगल के भीतर निगरानी से भी उनकी परेशानी बढ़ी है। माओवादियों के दस्तावेज बताते हैं कि गढ़चिरौली में माओवादी विरोधी अभियान से जुड़े लोगों ने माओवादियों की ओर से मंगाए गए एक रेडियो में जीपीएस ट्रैकर लगा कर उन्हें भेज दिया और बाद में उनकी लोकेशन के आधार पर हमला किया, जिसमें कई माओवादी मारे गए। माओवादियों की केंद्रीय कमेटी का सुरक्षाबलों को लेकर हाल का यह बयान उनके डर को उजागर करता है, 'दुश्मन हमारी आपूर्ति व्यवस्था में घुसकर इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल वस्तुओं जैसे कंप्यूटर्स, प्रिंटर्स, रेडियोज, पावर बैंक, सोलर प्लेट, वॉकी-टॉकी आदि के भीतर जीपीएस ट्रैकर्स लगा कर भेज रहा है। तकनीक के मोर्चे पर माओवादियों की यह हार सरकार के लिए सुखद हो सकती है, लेकिन सच यह भी है कि इसी दौरान नक्सलियों ने देश के दूसरे हिस्सों में भी अपने पैर फैलाए हैं। बस्तर से होते हुए कांकेर के रास्ते माओवादी मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के जंगलों में तेजी से फैले हैं। हालत यह है कि छत्तीसगढ़ के ही मुंगेली जिले को पहली बार इस साल माओवादी प्रभावित जिला घोषित किया गया है। माओवादियों ने पिछले कुछ सालों में एमएमसी यानी महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जोन नाम से अपनी नई कमिटी बना कर इलाका विस्तार शुरू किया है। पीपल्स वॉर ग्रुप के दौर में जिन जिलों पर माओवादियों की पकड़ पहले मजबूत थी, उन्होंने फिर से उनमें अपनी जमीन तलाशनी शुरू की है। पिछले कुछ दिनों में कान्हा नैशनल पार्क से लगे हुए इलाके में मुठभेड़ हुई हैं और भोपाल तक माओवादियों को हथियार की सप्लाई करने वाले लोग पकड़े गए हैं।तमाम दावों के बाद भी गृह मंत्रालय की सूची में छत्तीसगढ़ के बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, नारायणपुर, राजनांदगांव और सुकमा देश के सर्वाधिक माओवाद प्रभावित जिले बने हुए हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश का विशाखापत्तनम, बिहार का गया, जमुई और लखीसराय, झारखंड का चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, सरायकेला-खरसवां और पश्चिमी सिंहभूम, ओडिशा का कंधमाल, मलकानगिरी और कालाहांडी, मध्य प्रदेश का बालाघाट और तेलंगाना का भद्राद्री-कोठागुडेम अब भी सर्वाधिक माओवाद प्रभावित जिले हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने छह राज्यों के आठ जिलों को अब 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न' बताया है। इनमें छत्तीसगढ़ के तीन जिले कबीरधाम, कोंडागांव और मुंगेली शामिल हैं। अन्य जिलों में बिहार का औरंगाबाद, झारखंड का गढ़वा, केरल का वायनाड, मध्य प्रदेश का मंडला और ओडिशा का कोरापुट शामिल है। माओवादी हिंसा में पिछले सालों में उतार-चढ़ाव होता रहा है, लेकिन सुरक्षाबलों के दबाव में पीछे हट कर, हर बार अपनी ताकत को मजबूत करके हमला करने की माओवादियों की गुरिल्ला रणनीति को जानने वाले इसे कोई बड़ी सफलता की तरह नहीं देखते। वैसे माओवादी हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मानना है कि सुरक्षाबलों के लगातार दबाव के कारण माओवादियों को कुछ ही इलाकों में सिमटना पड़ा है। वह कहते हैं, 'नक्सलियों को हमने काफी पीछे धकेल दिया है। वे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन राज्य के पूर्व गृहमंत्री और बीजेपी के विधायक बृजमोहन अग्रवाल इससे सहमत नहीं हैं। उनका कहना है, 'इस सरकार की गलत नीतियों के कारण, माओवादियों के प्रति सहानुभूति के कारण नक्सली गतिविधियां बढ़ी हैं। इसके लिए अगर कोई दोषी है तो वह कांग्रेस की सरकार है। ये नक्सलियों के समर्थन से ही सरकार में आए हैं। सरकार और विपक्ष के इन दावों से अलग माओवादी, फिलहाल तो 28 जुलाई से 3 अगस्त तक बस्तर के अलग-अलग इलाकों में शहीद स्मृति सप्ताह के आयोजन में जुटे हुए हैं और उनका अपना दावा है, 'पिछले कुछ महीनों में हमारी सैन्य क्षमता बढ़ी है और हम मजबूत हुए हैं।' साइकोलॉजिकल वॉर में बेहद चालाक माओवादियों के इस दावे का सच-झूठ समझ पाना आसान नहीं है, लेकिन अभी माओवादियों की विदाई के लिए सुरक्षाबलों को लंबा संघर्ष करना पड़ेगा, यह तो तय है।

द्वितीय विश्व युद्ध के भारतीय नायकों को 77 साल बाद मिलेगा स्मारक

सुनीत कुमार

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली को मुक्त कराने के लिए लड़ते हुए बलिदान देने वाले हजारों भारतीय सैनिकों को 77 साल बाद भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे श्रद्धांजलि देंगे। इनकी याद में दक्षिण-पूर्व प्रांत फ्रोसिनोन के मोंटे कैसीनो में बनाये गए भारतीय सेना स्मारक का आने वाले सप्ताह में जनरल नरवणे उद्घाटन भी करेंगे। इस अभियान के दौरान कम से कम 5,782 भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी जिनके पार्थिव शरीर आज भी इटली में 06 प्रमुख शहरों के 40 कब्रिस्तानों में दफन हैं। इटली को आजाद कराने के लिए दिए गए 20 में से 06 विक्टोरिया क्रॉस भारतीय सैनिकों को मिले थे। भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे 5 से 8 जुलाई तक यूनाइटेड किंगडम और इटली की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए हैं। जनरल नरवणे 5-6 जुलाई को यूके और 7-8 जुलाई को इटली की यात्रा पर रहेंगे। चार दिवसीय यात्रा के दौरान वह भारत से रक्षा सहयोग बढ़ाने के मकसद से इन देशों के अपने समकक्षों और वरिष्ठ सैन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। इटली की यात्रा के दौरान वह द्वितीय विश्व युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 5,782 भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे जो 77 साल बाद ऐतिहासिक क्षण होगा।मोंटे कैसीनो में बनाये गए भारतीय सेना स्मारक का जनरल नरवणे उद्घाटन भी करेंगे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1943 से 1945 के बीच मुक्त कराये गए इतालवी कम्यूनों के बीच भारतीय सैनिकों के बलिदान और उनकी वीर गाथाएं अभी भी चर्चा में हैं। भारतीय सैनिकों के पार्थिव शरीर इटली के 06 प्रमुख शहरों कैसिनो, अरेज़ो, फ्लोरेंस, फोर्ली, संग्रो नदी और रिमिनी के 40 कब्रिस्तानों में दफन हैं। इटली को आजाद कराने के लिए दिए गए 20 में से 06 विक्टोरिया क्रॉस भारतीय सैनिकों को मिले थे। भारत के शहीदों का उल्लेख यूके स्थित कॉमनवेल्थ वॉर ग्रेव कमीशन बुकलेट में भी किया गया है। इटालियन अभियान के दौरान ब्रिटिश और अमेरिका के बाद भारत का योगदान तीसरा सबसे बड़ा योगदान था। भारतीय रक्षा मंत्रालय की सूची के अनुसार 19 सितम्बर, 1943 को नेपल्स के दक्षिण में टारंटो में लगभग 50 हजार भारतीय सैनिक पहली पार्टी के रूप में उतरे थे। इनमें से ज्यादातर 19 से 22 वर्ष की आयु के बीच उम्र के लिहाज से इतने छोटे थे कि वे खून, क्रूरता और मौत का खेल देखने लायक भी नहीं थे लेकिन इसके बावजूद इन्होंने इटली की मुक्ति के लिए लड़ाई लड़ी। मंत्रालय के अनुसार 29 अप्रैल, 1945 तक भारत के वीर मोंटे कैसीनो पर कब्जा करने की लड़ाई लड़ते रहे। इसके अलावा संग्रो नदी और लिरी घाटी के लिए लड़ाई, बोलोगन के पूर्वी तट के साथ सेनियो नदी को पार करने और गोथिक रेखाओं की लड़ाई में भी शामिल रहे।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इतालवी धरती पर भारतीय सैनिकों की बहादुरी को रोम में भारतीय दूतावास ने लगभग 14 साल पहले प्रकाशित घर से दूर बहादुरी से लड़ने वाले युवा भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि नामक पुस्तक में व्यापक रूप से दर्ज किया है। इस पुस्तक में लिखा गया है कि अक्टूबर, 1943 के अंत तक मित्र राष्ट्र जर्मन रक्षात्मक स्थिति का सामना कर रहा था। जनवरी, 1944 में मित्र देशों की सेना को उतारा गया और आखिरकार 18 मई तक भारतीय सैनिकों की बदौलत कैसिनो को कब्जे में ले लिया गया। कैसीनो की लड़ाई में चौथी भारतीय डिवीजन ने भाग लिया और 4000 से अधिक सैनिक हताहत हुए। पूर्व सैन्य इतिहासकार (अब दिवंगत) मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) यूस्टेस डिसूजा ने लिखा है कि चौथी भारतीय डिवीजन रेड ईगल्स ने यूएस की 5वीं सेना के साथ लड़ाई लड़ी। इसे यूएस 5वीं सेना द्वारा शुरू किए गए मोंटे कैसीनो पर पहले के दो हमलों में तैनात किया गया था। इसके अलावा 9वीं गोरखा बटालियन की

वीरतापूर्ण लड़ाई हमेशा इसलिए भी जिन्दा रहेगी क्योंकि मठ की ओर जाने वाली पहाड़ी पर हुई खूनी मुठभेड़ के नाते आज भी इसे जल्लाद की पहाड़ी कहा जाता है। पुस्तक में उल्लेख किया गया है कि कैसिनो युद्ध में शहीद 4,271 राष्ट्रमंडल सैनिकों के पार्थिव शरीर कब्रिस्तान में दफन हैं, जिनमें से 431 भारतीय सैनिक हैं। कब्रिस्तान के भीतर कैसिनो मेमोरियल खड़ा है, जो 4,000 से अधिक राष्ट्रमंडल सैनिकों की याद दिलाता है। इसके अलावा 1438 भारतीयों की कब्रों के बारे में पता नहीं है। इटली में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लड़ने वाले भारतीय सैनिकों के सम्मान में 2007 में पहली बार कैसिनो में एक समारोह आयोजित किया गया था। इसमें तत्कालीन इतालवी उप रक्षा मंत्री एमिडियो कासुला और उस समय इटली में भारत के राजदूत राजीव डोगरा के अलावा कैसिनो, सैन मैरिनो और फेटानो के मेयर भी शामिल हुए थे।इसके लगभग 12 साल बाद भारतीयों के बलिदान को एक बार फिर याद किया गया जब 29 मई, 2019 को फ्लोरेंस के पास प्रांतो में 1944 की लड़ाई में शामिल रहे दो सैनिकों हरि सिंह और पालू राम के अस्थि कलश एक समारोह में पेश किये गए। दरअसल पोगियो ऑल्टो में युद्ध के मैदान के भारतीय क्षेत्र से फ्लोरेंस के पास 1996 में इन दोनों सैनिकों के अवशेष पाए गए थे। भारतीय सेना ने कहा कि डॉक्टरों की एक टीम ने दोनों सैनिकों के अवशेषों की जांच करके इनकी मृत्यु की तारीख, अवशेषों का स्थान, पहने हुए जूतों और इस्तेमाल किए गए गोला-बारूद के निष्कर्षों के आधार पर लापता सैनिकों के राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड से मिलान किया गया। इसके बाद 4/13 फ्रंटियर फोर्स राइफल्स के हरि सिंह और पालू राम की पहचान हुई। दोनों सैनिकों की अस्थियों को उस फोर्ली युद्ध कब्रिस्तान में भी ले जाया गया जहां उनके अन्य साथियों को दफन किया गया है। अब फिर भारतीय सैनिकों की बहादुरी और बलिदान की दास्तां एक बार फिर सुनाई जाएगी जब मोंटे कैसिनो में भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे भारतीय सेना स्मारक का उद्घाटन करेंगे जो भारत के निडर सैनिकों और उनके सर्वोच्च बलिदान की याद में बनाया गया है।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर अभद्र टिप्पणी मामले में प्रोफेसर शहरयार अली भेजे गए जेल

फिरोजाबाद (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी प्रोफेसर की अंतरिम जमानत खारिज कर दी। उसे जेल भेजा दिया। एसआरके महाविद्यालय के प्रोफेसर शहरयार अली की न्यायालय ने मंगलवार को अंतरिम जमानत खारिज कर दी। उसने न्यायालय में जमानत की अर्जी लगाई थी। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

विदित हो प्रोफेसर ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिससे हिंदूवादी संगठनों में गुस्सा व्याप्त हो गया था। थाना रामगढ़ में प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में प्रोफेसर ने उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय की शरण ली थी। वहां से उसको कोई राहत नहीं मिली। बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए किसी के ऊपर सोशल मीडिया पर टिप्पणी और वह भी महिला पर करने को गलत बताया था।

आरोपी प्रोफेसर ने मंगलवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम अनुराग की अदालत में हुई। उन्होंने उसे जेल भेज दिया। सरकार की तरफ से पैरवी करते हुए शासकीय अधिवक्ता राजीव प्रियदर्शीए अवधेश शर्माए नरेंद्र राठौर ने जमानत का विरोध किया था। अब मामले में सुनवाई 26 जुलाई को होगी।

उन्नव में बोले अखिलेश, लोकसभा और राज्यसभा में सिर्फ झूठ बोलने का काम करती है भाजपा

उन्नव (एजेंसी)। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को सिकंदरपुर सरोसी स्थित मनोहरलाल इंटर कॉलेज में केंद्र सरकार पर जासूसी करने का आरोप लगाया। बोलेए इतिहास इस बात की गवाह है कि जिन सरकारों ने जासूसी कराईए वह सत्ता से बाहर हो गईं। भाजपा को अपने काम पर भरोसा नहींए इसलिए वह जासूसी करा रही है। ऐसा करके वह राष्ट्रद्रोह कर रही है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकसभा और राज्यसभा में सिर्फ झूठ बोलती है। देश प्रदेश की जनता को गुमराह करके वोट लेने में भाजपा माहिर है।

पूर्व मंत्री मनोहरलाल 85वीं जयंती पर आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम में आए अखिलेश यादव ने महंगाईए बेरोजगारी और किसान मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार को घेरा। बोलेए मंत्री कहते हैं कि कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से किसी की मौत नहीं हुई। कौन इनकी बातों पर भरोसा करेगा। सरकारें कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा छिपा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आश्रितों को मुआवजा देने को कहा। भाजपा मुआवजा नहीं देना चाहतीए इसलिए मृतकों का सही आंकड़ा नहीं बता रही। आरोप लगाया कोरोना से जो मौतें हुईए उसकी जिम्मेदार भाजपा है। किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में किसानों की आय कम हो गई है। महंगाई इतनी कि मुफ्त में मिले गैस सिलेंडर को गरीब भरा नहीं पा रहे हैं। रोजगार का वादा भी फेल है। हालात ऐसे हैं कि बेरोजगारों की संख्या बढ़ गई है।

कहा.आज राष्ट्रपतिए प्रधानमंत्रीए मुख्यमंत्री से लेकर प्रशासन तक सभी भाजपा के हैं। ऐसे में विकास करने में क्या बाधा आ रही है। भाजपा ने साढ़े चार साल में प्रदेश का कोई विकास नहीं किया। गरीबों से वोट और अमीरों से नोट लिया और देश की संपत्ति बेच दी। गरीबों से पैसा लेकर अमीरों में बांट दिया और अमीर उस पैसे को लेकर देश छोड़कर भाग गए। काला धन कहां है। जिला पंचायत सदस्यों की खरीद फरोख्त किसी से छिपी नहीं है।किस तरह से भाजपा ने तांडव किया। लोकसभा में पिछड़े और दलितों का मंत्रिमंडल बनाने का दावा किया जा रहा है। सवाल पूछा कि क्या मंत्री बनाने से किसी का लाभ होता है। बोलेए मुख्यमंत्री को संविधान से कोई मतलब नहीं है। उनका एक संविधान है ठोको संविधान। सपा के लोग लैपटॉप बांट रहे थे। वादा तो भाजपा ने भी लैपटॉप देने का किया थाए पर आज तक नहीं दिया।

कोरोना की वजह से बड़ी संख्या में गरीबों की बिना इलाज जान चली गई।

वाराणसी की तरह मऊ में भी देवर ने भाभी की सिर कूंचकर हत्या कीए बंटवारे के विवाद में वारदात

मऊ (एजेंसी)। वाराणसी की तरह मऊ से भी एक महिला की सिर कूंचकर हत्या की खबर आई है। वाराणसी की ही तरह यहां भी देवर ने ही भाभी की सिर कूंचकर हत्या कर दी है। हत्या का कारण बंटवारे को लेकर विवाद का मामला सामने आ रहा है। पुलिस देवर की तलाश कर रही है। वाराणसी के सिगरा में भी बुधवार को पूर्व विधायक रजनीकांत दत्ता की बहू डाक्टर सपना दत्ता की उनके ही देवर ने हथौड़े से सिर पर वार कर हत्या कर दी है। सपना दत्ता के देवर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मऊ में भीटी नई बस्ती निवासी 35 वर्षीय अतवारी देवी के पति संतोष सासनी की दो वर्ष पूर्व मौत मौत हो चुकी है। इसके बाद से सोनू साहनी अपनी भाभी से घर में बंटवारे को लेकर विवाद करता चला आ रहा था। सुबह अतवारी हैंडपंप पर पानी भरने के लिये आंगन में आयी। कुछ समय के बाद इसका देवर सोनू भी आ गया। बंटवारे को लेकर फिर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

तीन एक्सप्रेस-वे के किनारे दौड़ेगी हाई स्पीड ट्रेन, दिल्ली से बनारस का सफर होगा 3.41 घंटे का

मथुरा/नोएडा (एजेंसी)। दिल्ली.वाराणसी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के तहत हाईस्पीड ट्रेन चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। यमुना एक्सप्रेस.वेए आगरा.लखनऊ एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे के एलीवेटेड खंभों और पुलों पर ये ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन मथुरा जनपद की सीमा में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे लगभग 100 किलोमीटर दौड़ेगी। इस ट्रेन के लिए एक्सप्रेसवे के सहारे सर्विस रोड पर या फिर डिवाइडरों पर जरूरत के मुताबिक एलीवेटेड ट्रैक तैयार किया जाएगा। इसकी तैयारियों के तहत नोएडा में एक बैठक हुईए जिसमें इसका प्रेजेंटेशन दिया गया और वहां के किसानों को इसकी जानकारी दी गई है। क्योंकि मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण पर अपनी जमीन हैए इसलिए मथुरा में किसानों की जमीन शायद ही कहीं ली जाएगी।दिल्ली.वाराणसी रेल कॉरिडोर के लिए कार्यदायी संस्था नेशनल हाईवे रेल स्पीड कॉरपोरेशन लिमिटेड नामक कंपनी है। यह हाईस्पीड ट्रेन दिल्ली के सराय काले

खां से चलेगीए जिसका पहला स्टॉपेज नोएडा का 148 सेक्टर रहेगा। दूसरा स्टेशन जेवर स्थित एयरपोर्ट होगा। तीसरा स्टेशन मथुरा जनपद की सीमा में यमुना एक्सप्रेस.वे के राया इंटरचेंज के पास तैयार किया जाएगा। चौथा स्टेशन आगरा में लखनऊ.आगरा एक्सप्रेस.वे के मुहाने पर बनेगा।इस परियोजना से जुड़े पर्यावरणीय बिंदुओं के प्रेजेंटेशन संबंधी बैठक नोएडा में वहां के अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में हुई है। एडीएम दिवाकर सिंह ने बताया कि काश्तकारों को बुलाकर उनको प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई है। कॉरपोरेशन विभिन्न बिंदुओं पर विचार कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। इस परियोजना से यात्रा के समय की बचत तो होगी हीए साथ ही प्रदूषण और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगाए जबकि नौकरियों और व्यवसायिक अवसरों का सृजन होगा। ट्रेन के अगले स्टेशन कानपुरए लखनऊए रायबरेलीए प्रयागराजए संतरविदास नगरए मिर्जापुर और वाराणसी होंगे। वाराणसी जिले के मंडुआडीह पर ट्रेन का अंतिम स्टॉपेज होगा।

हाईस्पीड ट्रेन दिल्ली सराय काले खां से 62 किलोमीटर की दूरी पर बन रहे जेवर एयरपोर्ट तक 21 मिनट में सफर तय करेगी। जेवर एयरपोर्ट से राया कट तक 20 मिनट के अंदर पहुंचना संभव होगा। इसी तरह राया कट से दिल्ली तक 35 मिनट के अंदर पहुंचा जा सकेगा।

गोरखपुर में बहू-बेटे की पिटाई से बुजुर्ग पिता की मौत, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

गोरखपुर (एजेंसी)। गोरखपुर के पीपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा करतहरी टोला सेमरौना में सोमवार की रात करीब 12 बजे बेटे और बहू की पिटाई से बुजुर्ग पिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बेटे और बहू के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों जेल भेज दिए गए। मिली जानकारी के अनुसार पीपीगंज क्षेत्र के ग्राम सभा करतहरी निवासी 80 वर्षीय राजाराम को सोमवार की रात करीब 11 बजे किसी बात को लेकर नाराज होकर उनके पुत्र सदल प्रसाद और उसकी पतने प्रभावती ने विवाद किया और उनकी पिटाई कर दी।

राजाराम को गंभीर चोट आई जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मृतक के दूसरे बेटे रामपलट ने पीपीगंज पुलिस को मंगलवार की सुबह दी। मौके पर पहुंची पीपीगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं रामपलट की तहरीर पर पीपीगंज पुलिस ने सदल प्रसाद और उसकी पतने प्रभावती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी सदल प्रसाद और उसकी पतने प्रभावती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीपीगंज थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिह का कहना है। मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही मुकदमा दर्ज कर आरोपी बेटे और बहू को गिरफ्तार कर कार्यवाई किया गया है।

लव जेहादः छात्रा ने कोर्ट में दिया बयान, राज बनकर रचाई थी शादी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयागराज के घूरपुर की एक छात्रा को शादीशुदा युवक ने नाम बदलकर प्रेम जाल में फंसाया और उसको बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी ने कोर्ट में बयान दिया तो सच्चाई सामने आई। घूरपुर पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ धर्म परिवर्तन करके शादी रचाने और रेप की धाराएं बढ़ा दी हैं। आरोपी पहले से ही जेल में बंद है। घूरपुर के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी हाईस्कूल में पढ़ती है। उसके पिता की चाय की दुकान थी। गौहनिया निवासी एतराज उस दुकान पर आता जाता था। इस बीच दुकानदार की बेटी से एतराज की दोस्ती हो गई। वह राज बन उससे बातचीत करने लगा। छात्रा को प्रेम जाल में फंसाकर 15 मई की रात उसको भगा ले गया। हिंदू रीति रिवाज से

मंदिर में शादी रचा लीए लेकिन इस बात का खुलासा नहीं किया कि वह पहले से शादीशुदा व दूसरे धर्म का है। इधरए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने का केस दर्ज किया। नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने कुछ दिन पहले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बताया जा रहा है कि इस बीच छात्रा को राज की असलियत की जानकारी हुई। वह जिसे अपना प्रेमी और पति मान रही थीए उसने उसके साथ छल किया था। राज के एक आईडी से पता चला कि वह दूसरे धर्म का है। गांव वालों ने भी बताया कि उसकी शादी हो चुकी है। उसकी पहली पतने की मौत भी हो चुकी है। छात्रा को बरामद करने के बाद पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस पीड़िता को कोर्ट में बयान के लिए ले गई।

खेत पर ससुर और बहू के बीच जबरदस्त फाइट, बुजुर्ग ने महिला को डंडो से पीटा

बागपत (एजेंसी)। अभी कुछ दिन पहले बिहार के एक गांव में ससुर और बहू में जमीन के विवाद को लेकर जमकर फाइट हुई थी। यहां बहू ससुर पर भारी पड़ी थी। बहू ने ससुर को खेत पर पटकनी देकर उसके हाथ से पिस्टल छीन लिया था। इसी तरह यूपी के बागपत जिले से भी मामला सामने आया है। बहू और ससुर के दंगल का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। ससुर पर बहू ने जमीन को हड़पने का आरोप लगाया है। खेत पर हुए इस दंगल में ससुर ने बहू को जमकर पीटा। बागपत जिले के दोघट थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति द्वारा अपनी विधवा पुत्रवधु की लाठी से पिटाई करने की वीडियो वायरल हो रही है। व्यक्ति पुत्रवधु की जंगल मे पिटाई कर रहा है। बताया गया कि महिला के पति की बरनावा के पास तीन वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी।

सुल्तानपुर के बाद वाराणसी स्टेशन के सामने मिली संदिग्ध अटैची, फ्लाईओवर के नीचे रोका आवागमन

वाराणसी (एजेंसी)। सुल्तानपुर में स्टेशन के बाहर बैग मिलने के बाद वाराणसी के कैंट रेलवे स?टेशन के पास संदिग?ध ब्रीफकेस मिलने से सनसनी फैल गई। बम स्क्वायड टीम ने तत्काल मौके पर जांच शुरू की। किसी आशंकावश आसपास के क्षेत्र को खाली करा लिया गया। बताया जा रहा है कि कैंट रेलवे स्टेशन मार्ग पर सुबह करीब दस बजे संदिग्ध ब्रीफकेस मिलने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया और बम डिस्पोजल टीम को बुलाया। इस दौरान रास?ते से आने जाने वाले लोगों को रोक दिया गया।

बकरीद की नमाज के बाद संदिग्ध अटैची की खबर अधिकारियों को मिली। इलाकाई सिगरा पुलिस और बीडीएस ने मोर्चा सम्हाला और समय रहते लोगों की गति?विधियों को रोककर ऑपरेशन शुरु किया। जांच के दौरान अटैची से घरेलू जरूरत के सामन और दिनचर्या की वस्तुएं मिली तो सुरक्षा बलों ने राहत की सांस ली। इंग्लिशिया लाइन तिराहे से चंद कदम दूर लहरतारा.चौलाघाट फ्लाईओवर के पिलर संख्या.69 के नीचे कोई

राहगीर ब्रीफकेस भूलवश छूट गया था। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर अनूप शुक्ल और उप निरीक्षक अनंत कुमार मिश्रा ने उस एरिया को सुरक्षा कारणों से घेर दिया। दोनों ही छोर से वाहनों का आवागमन रोक दिया गया था। मौके पर बीडीएस भी बुलाई गई। सिन्फर डॉग ने अटैची को स्पर्श करने के बाद क्लीयरेंस दे दिया। इसके बाद बम डिस्पोजल दस्ते के जवान ने सुरक्षा पूर्वक अटैची को खोल दिया। अंदर से जरूरत की वस्तुएं और कपड़े मिले। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।इससे पहले सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन के बाहर परिसर में बुधवार सुबह एक संदिग्ध बैग मिलने से हड़कंप मच गया। संदिग्ध बैग मिलने के बाद पुलिस ने रेलवे परिसर को खाली कराया और बीडीएस टीम बुलाकर जांच की। सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक डॉण् विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच में बैग के अन्दर एक बैटरी और तार के साथ एक पासबुक पायी गयी है। पासबुक से यह पता चला कि यह बैग कानपुर जिले के पनकी निवासी एक निलंबित सिपाही नरेंद्र प्रताप सिंह का हैए जो तीन साल से बिना बताए ड्यूटी से लापता है। उन्होंने बताया कि निलंबित सिपाही नरेंद्र प्रताप सिंह से पूछताछ करने पर उसने बैग में बैटरी और तार होने से इनकार किया। उन्होंने बताया कि यह सिपाही नशे का आदी है और इसे यह भी नहीं पता कि उसका बैग कहां छूट गया और बैग में बैटरी कैसे आयी। इस मामले की जांच की जा रही है। एसपी ने बताया कि तीन साल से बिना बताए ड्यूटी से गायब होने के कारण सिंह निलंबित है और उसे बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

गोरखपुर से मासूम का अपहरण कर झारखंड में बेचने की थी तैयारी, दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर (एजेंसी)। गोरखपुर के गुलरिहा क्षेत्र के पादरी बाजार स्थित नंद नगर कॉलोनी से सोमवार की सुबह अपहृत ढाई साल के बच्चे का अपहरण कर अपहर्ता झारखंड ले जाकर बेचने के फिराक में थे। हालांकि गुलरिहा पुलिस की तत्परता से देवरिया रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने आरोपितों को दबोच लिया। आरोपितों में से एक बच्चे का मौसा है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

जानकारी के मुताबिक नंदनगर कॉलोनी में रहने वाली सरोज गुप्ता के इकलौते पुत्र आदर्श गुप्ता का सोमवार की सुबह सीताराम ;बच्चे का मौसाद्ध ने टॉफी दिलाने के बहाने घर से अपहरण कर झारखंड में बेचने के फिराक में था। आधा घंटा बाद तक मासूम घर नहीं पहुंचा पर उसकी मां खोजबीन शुरू की और अपने जीजा के नंबर पर फोन किया तो वह बताया कि बच्चे को कभी घर पर पहुंचा दिए हैं। परेशान मां ने मोहल्ले में काफी खोजबीन की कुछ पता नहीं चलने पर गुलरिहा पुलिस को सूचना दी। गुलरिहा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहरणकर्ता को देवरिया जीआरपी के माध्यम से दबोच लिया।

पुलिस की पूछताछ में अपहरणकर्ता की पहचान बलिया जनपद के थाना गडवार के जिगनिया खास निवासी सीताराम गुप्ताएजय शंकर श्रीवास्तव के रूप में हुई। दोनों वर्तमान में शाहपुर इलाके के संगम चौराहे के पास किराए पर मकान लेकर रहते थें। गुलरिहा पुलिस ने फिरौती के लिए अपहरण में मुकदमा दर्ज कर मंगलवार को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। अपरहणकर्ता को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार अगिन्होत्रीए अजय वर्मा राजू यादव व पंकज सिंह शामिल रहे।

कीडगंज मुट्ठीगंज में दो सेल्मैनों ने की आत्महत्या , मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। कीडगंज में रहने वाले अभिषेक जायसवाल ने मंगलवार की रात और मुट्ठीगंज में रहने वाले अरुण कुमार शर्मा ने बुधवार की सुबह फांसी लगाकर जान दे दी। दोनों आर्थिक तंगी से परेशान थे। कीडगंज के नई बस्ती के रहने वाले अभिषेक जायसवाल (20) के पिता रामचंद्र जायसवाल की साल भर पहले मौत हो गई थी। वह अपनी मां के साथ रहता था। पिता की मौत के बाद घर के आर्थिक हालात खराब हुए तो वह सेल्समैन बन गया लेकिन कोरोना के कारण पिछले डेढ़ सालों से स्थिति और खराब होती गई। इस बीच वह कुंठा में नशा भी करने लगा था। मंगलवार की रात मां उसके कमरे में गई तो उनके होश उड़ गए। अभिषेक ने फांसी लगा ली थी। मां की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर पुलिस पहंची। शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मुट्ठीगंज के जालिम सिंह हाता में रहने वाला अरुण कुमार शर्मा (40) सेल्समैन था। वह तीन भाइयों के संयुक्त परिवार में रहता था। मंगलवार को अरुण की पतनी बच्चों को लेकर मायके गई थी। सुबह छह बजे अरुण उठ गया था। कुछ देर बाहर टहलने के बाद वह वापस कमरे में गया और फांसी लगा ली। करीब नौ बजे उसका भतीजा चाय लेकर पहुंचा तो देखा अरुण ने फांसी लगा ली थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पतनी भी पहुंच गई थी। पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों ने बताया कि अरुण आर्थिक तंगी से परेशान थे। इसके अलावा परिवार में और कोई भी कलह या विवाद नहीं था।

आर्थिक तंगी से परेशान सब्जी विक्रेता ने खाया जहर, मौत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। धूमनगंज के टीपी नगर के रहने सुनील कुमार मिश्रा ने मंगलवार की शाम जहर खा लिया। जब सुनील को उल्टियां होने लगीं तो घर वालों को मालूम चला। सुनील को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी बुधवार को मौत हो गई। टीपी नगर का रहने वाला सुनील कुमार मिश्रा मुंडेरा मंडी में सब्जी की दुकान चलाता था। घर वालों के मुताबिक वह आर्थिक तंगी से परेशान था। मंगलवार की शाम सुनील ने जहर खा लिया। इंस्पेक्टर तारकेश्वर राय ने बताया कि घर वालों ने थाने पर कुछ लिखकर नहीं दिया है।

करछना में विद्युत कटौती से लोग परेशान

अखंड भारत संदेश

करछना। विद्युत सब स्टेशन करछना से जुड़े कई गांवों में इन दिनों ट्रिपिंग के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हल्की बूंदाबांदी पर ही विद्युत के जर्जर तार टूट कर गिर जाते हैं जिससे अनहोनी की आशंका बनी हुई है क्षेत्र के लोगों ने कई बार संम्पूर्ण समाधान दिवस सहित विद्युत विभाग के अधिकारियों से जर्जर तारों को बदले जाने की मांग की है इसके बावजूद आज तक विद्युत तार बदले नहीं जा सके जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है । करछना विद्युत केंद्र, भुडां विद्युत केंद्र एवं घोड़ेडीह विद्युत केंद्र से जुड़े ज्यादातर गांवों में जर्जर तारों के चलते ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई है जिसका समाधान आज तक नहीं किया जा सका है । बिजली कटौती से किसानों अपनी धान की रोपाई भी नहीं कर पा रहे हैं।

उपजिलाधिकारी हुए सक्रीय, दो ओवर लोड वाहनों को पकड़ा

अखंड भारत संदेश

कोरांव/प्रयागराज। उप जिलाधिकारी कोरांव अभिनव कनोजिया जी ने थाना पुलिस खीरी इलाके में ओवर लोड वाहनों को पकड़ा। जिससे हड़कंप मच गया। श्री कनोजिया खीरी इलाके में बकरीद पर्व पर पूरे इलाके में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान एसडीएम को दो ओवर लोड ट्रुक दिखाई दिए। और उन्होंने सीधे ट्रकें सीज कर दिया।

करछना की नहरों में पानी नहीं आने से धान की रोपाई पिछड़ रही

अखंड भारत संदेश

करछना। क्षेत्र की नहरों में इस समय पानी नहीं आने से किसानों की धान की रोपाई नहीं हो पा रही है जिससे लोगों में मायूसी है करछना रजबहा, बरदहा रजबहा, भुडां राजबहा , और इनसे जुड़े माइनरों में पर्याप्त रूप से पानी नहीं दिए जाने के कारण बहुत से किसानों के धान की रोपाई पिछड़ रही है जिसके कारण किसान चिंतित है और परेशान भी लोगों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहरों में जल्दी ही पर्याप्त पानी छोड़े जाने की मांग की है । करछना गांव के किसान राम रतन सिंह कहते हैं कि धान की नर्सरी महीनों पहले से लगाई गई थी।

श्रीलंका के खिलाफ अकेले दम पर जिताने वाले दीपक चाहर ने कहा, टोक्यो में तिरंगा लहराना है

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने श्रीलंका को दूसरे वनडे में हराकर वनडे सीरीज अपने नाम कर ली है। भारत ने मंगलवार को खेले गए मैच में श्रीलंका को रोमांचक मैच में तीन विकेट से हराया। एक समय मैच श्रीलंका की पकड़ में लग रहा था। लेकिन दीपक चाहर ने भारत के लिए मैच विनिंग पारी खेली। वो 69 रन बनाकर नॉटआउट रहे। मंगलवार को खेले गए मैच के हीरो रहे दीपक चाहर ने टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने गए भारतीय एथलीटों को अपनी शुभकामनाएं दी।

बीसीसीआई ने मंगलवार को दीपक चाहर का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में दीपक चाहर टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने गए भारतीय एथलीटों को चीयर कर रहे हैं। बीसीसीआई ने चाहर के वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, दीपक चाहर टोक्यो ओलंपिक में गए हमारे एथलीटों को चीयर कर रहे हैं। उनके साख जुड़े। वहीं दीपक चाहर ने शेयर किए वीडियो में कहा,, जब 130 करोड़ इंडियंस का साथ होगा तब ओलंपिक में जरूर कुछ खास होगा। आओ इनका हौसला बढ़ाते हैं टोक्यो में तिरंगा लहराते हैं। कमऑन इंडिया लेट्स चीयर फॉर इंडिया कल के मैच की बात करें तो श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 275 रन बनाए। 276 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने एक समय 193 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे।

जीत के बाद भुवनेश्वर कुमार को क्यों याद आए महेंद्र सिंह धोनी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए दूसरे वनडे इंटरनेशनल मैच में तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। दीपक चाहर और सूर्यकुमार यादव की हाफसेंचुरी के अलावा क्रुणाल पांड्या और भुवनेश्वर कुमार की अहम पारियों की बदौलत भारत ने श्रीलंका के जबड़े से जीत छीन ली। एक समय ऐसा लग रहा था कि श्रीलंका इस मैच को जीतकर सीरीज बराबर कर लेगा, लेकिन दीपक विकेट पर टिके रहे और टीम इंडिया को जीत दिलाकर ही मैदान से लौटे। चाहर जब मैदान पर आए उस समय टीम की हार सामने दिख रही थी, उन्होंने पहले क्रुणाल का साथ दिया। क्रुणाल के आउट होने के बाद दीपक ने भुवी के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। इस साझेदारी ने एक और मैच की यादें ताजा कर दीं। 2017 के श्रीलंका दौरे पर भुवनेश्वर कुमार ने महेंद्र सिंह धोनी के साथ मिलकर भारत को जीत दिलाई थी। भुवी ने इस मैच के बाद उस मैच की यादें शेयर कीं।

उन्होंने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में कहा, इस मैच के हालात उसी मैच की तरह थे। हम आखिरी ओवर तक बल्लेबाजी करना चाहते थे। हम ज्यादा से ज्यादा गहरी बल्लेबाजी करना चाहते थे। 2017 में पाल्लेकल के मैदान पर धोनी और भुवनेश्वर ने भारत के लिए वनडे में 8वें विकेट लिए रिकॉर्ड नॉटआउट 100 रनों की साझेदारी की। 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करती हुई टीम इंडिया की हालत उस समय खस्ता हो गई जब 22 ओवर में ही 131 रन के स्कोर पर उसके 7 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे। मैदान पर महेंद्र सिंह धोनी का साथ देने आए भुवी आए थे। उन दोनों ने धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाया और अंत में अपने शॉट खेलने शुरू किए। जो मैच एक समय श्रीलंका की मुट्ठी में था, उसे धोनी और भुवी की साझेदारी से भारत ने अपने पक्ष में कर लिया था। उस मैच में पचासा लगाकर भुवनेश्वर कुमार स्टार बन गए थे।

चार साल बाद श्रीलंका में ही मेहमान टीम के खिलाफ टीम इंडिया ने फिर वही कर दिखाया। इस बार स्टार थे दीपक चाहर, मगर दूसरे छोर पर वही भुवनेश्वर

कुमार थे, जिन्होंने चार साल पहले ये कारनामा किया था। भुवी ने पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में कहा, हमने किसी खास समय से ये सोचना नहीं शुरू किया कि हम यहां से जीतने के लिए खेलेंगे।

हमने वन बॉल एट ए टाइम वाली नीति अपनाई। हमारी प्लानिंग अंत तक बल्लेबाजी करने की और स्तिथि के अनुसार खेलने की थी। दीपक ने जरूरी रन-रेट को छह से ऊपर नहीं चढ़ने दिया और अपने शॉट खेल रहे थे। दीपक और भुवी के बीच 84 रन की साझेदारी भारत के लिए वनडे में 8वें विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। दीपक ने 82 गेंदों पर 69 जबकि भुवी ने 28 गेंदों पर 19 रन बनाए। भारत ने इस जीत के साथ सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मैच 23 जुलाई को इसी मैदान पर खेला जाना है।

जब दीपक चाहर को मैसेज भिजवाने के लिए ड्रेसिंग रूम से डगआउट पहुंचे राहुल द्रविड़

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने मंगलवार को दूसरे वनडे में श्रीलंका को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।। भारत की जीत के हीरो दीपक चाहर रहे। चाहर ने मुश्किल परिस्थितियों में नाबाद 69 रन बनाए। भारतीय पारी के 44वें ओवर के अंत में राहुल द्रविड़ अचानक से ड्रेसिंग रूम से डगआउट पहुंचे और राहुल चाहर से बात करते दिखे। दरअसल दीपक चाहर उस समय ताबड़तोड़ बैटिंग कर रहे थे। ऐसे में उन्होंने राहुल चाहर के जरिए दीपक चाहर के लिए मैसेज भेजा। भारत को 36 गेंद में जीतने के लिए 35 रन चाहिए थे और उसके हाथ में तीन विकेट थे। द्रविड़ जानते थे कि इस समय विकेट गंवाना कितना मंहगा पड़ सकता है। टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने महसूस किया कि चाहर चिंतित दिख रहे हैं और जोखिम भरे शॉट्स खेलने के लिए जा रहे हैं।

वो जानते थे कि इस समय ऐसे शॉट्स की जरूरत नहीं है और शांत होकर खेलने की जरूरत है। शायद ये ही मैसेज उन्होंने राहुल को अपने भाई दीपक चाहर को देने को कहा। राहुल चाहर को दीपक को राहुल द्रविड़ का संदेश देने का मौका 47वें ओवर में मिला जब दीपक को क्रैंप की परेशानी महसूस हुई। हालांकि उनकी चोट गंभीर नहीं थी लेकिन इस दौरान द्रविड़ का संदेश पहुंचाने के लिए पर्याप्त समय मिल गया। इसके बाद इसका नतीजा भी दिखाई दिया। अगले ओवर में दीपक चाहर ने वानिंदु हसरंगा की चार बॉल डॉ खेली। उनके ओवर में चाहर ने अटैकिंग शॉट खेलने की कोशिश नहीं कि क्योंकि वो पहले ही तीन विकेट चटका चुके थे।

तेज गेंदबाज आवेश खान चोट की वजह से हुए प्रैक्टिस मैच से हुए बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम और काउंटी सलेक्ट इलेवन के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में विरोधी टीम की ओर से खेल रहे भारत के रिजर्व फास्ट बॉलर आवेश खान का अंगूठा चोटिल हो गया। चोट की वजह से आवेश खान दूसरे और तीसरे दिन प्रैक्टिस मैच नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। बीसीसीआई ने कहा कि तेज गेंदबाज अवेश खान बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। वह प्रैक्टिस मैच के दूसरे दिन और तीसरे दिन आगे हिस्सा नहीं लेंगे। भारत की टीम प्रैक्टिस मैच के दूसरे दिन 311 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। आवेश इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय टीम में नेट्स गेंदबाज के तौर पर चुने गए हैं। काउंटी सलेक्ट इलेवन टीम ने चोट और कोविड-19 से जुड़े क्वारंटाइन के कारण अपने खिलाड़ियों को गंवाने के बाद भारत के दो खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। आवेश खान और वाशिंगटन सुंदर इस मैच में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की इस टीम की ओर से खेल रहे हैं। भारत के रिजर्व फास्ट बॉलर आवेश खान को चोट हनुमा विहारी के शॉट को रोकते समय लगी। भारतीय टीम में प्रैक्टिस मैच में मोहम्मद शमी, ईशांत शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के साथ विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे को भी आराम दिया है। इन दोनों खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में रोहित शर्मा ने टीम की कमान संभाली। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने मंगलवार को बताया , कोहली को सोमवार की देर शाम पीठ में कुछ जकड़न महसूस हुई और उन्हें बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने तीन दिवसीय फर्स्ट क्लास मैच से आराम करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया, उपकप्तान अजिंक्य रहाणे की बाएं पैर की मांसपेशियों के आसपास हल्की सूजन है। उन्हें इसका इंजेक्शन दिया गया है। वह तीन

आईसीसी ने जारी की लेटेस्ट टी-20 रैंकिंग, पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान ने लगाई लंबी छलांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बुधवार को टी-20 फॉर्मेट में बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने अपनी शानदार बल्लेबाजी के दम पर बड़ी छलांग लगाते हुए टॉप टेन में जगह बनाई है। इस लिस्ट में हालांकि पहले से छठे पोजीशन तक कोई बदलाव नहीं हुआ है और इंग्लैंड के डेविड मलान पहले की ही तरह सबसे ऊपर विराजमान हैं। अन्य बल्लेबाजों में वेस्टइंडीज के एविन लुईस ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही खत्म हुई टी-20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसकी वजह से वे भी टॉप 10 में जगह बनाने में सफल रहे हैं। भारतीयों में इस लिस्ट में पांचवें और छठे नंबर पर पहले की तरह ही केएल राहुल और विराट कोहली मौजूद हैं।

श्रीलंका के खिलाफ विनिंग शॉट की फोटो शेयर कर दीपक चाहर ने लिखा दिल जीत लेने वाला मैसेज

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर की अगुवाई ने भारत ने मंगलवार को श्रीलंका को दूसरे वनडे में तीन विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। चाहर न केवल गेंदबाजी में सफल रहे, बल्कि जब उन्हें बल्लेबाजी में मौका मिला, तब उन्होंने करियर की सबसे बेहतरीन पारी खेलकर टीम को लगभग हारा हुआ मैच जिता दिया। भारत ने 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 193 रनों तक सात विकेट गंवा दिए थे और ऐसा लग रहा था कि श्रीलंका यह मैच जीत लेगा, लेकिन दीपक और भुवनेश्वर कुमार ने मिलकर मेजबान टीम के जबड़े से जीत छीन ली। इस शानदार जीत के बाद चाहर ने अपने विनिंग शॉट को लेकर दिल जीतने वाला मैसेज लिखा है।उन्होंने जीत के बाद इंस्टाग्राम पर दो फोटो शेयर

किए। पहले फोटो में विनिंग शॉट लगाने के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ी उनको गले लगाते नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में चाहर ने लिखा कि, हम इन मूमेंट्स के लिए खेलते हैं। गर्व है...चाहर ने इसके अलावा एक दूसरी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि, हम इन मूमेंट्स को कभी नहीं भूल सकते। आप सभी की शुभकामनाओं के लिए दिल से थैंक्यू।मैच के बाद चाहर ने कहा, देश के लिए मैच जीतने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता है। राहुल सर ने मुझसे कहा था कि हर गेंद को खेलना। मैंने इंडिया-ए के साथ कुछ पारियां खेली हैं (जब राहुल द्रविड़ कोच थे) और मुझे लगता है कि उन्हें मुझपर भरोसा था।

हार के बाद ट्विटर पर भिड़े श्रीलंकाई कोच मिकी आर्थर और पूर्व क्रिकेटर रसेल अनील्ड

नई दिल्ली (एजेंसी)। श्रीलंका और भारत के बीच तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का दूसरा मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम

में खेला गया, जिसमें टीम इंडिया ने तीन विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में एक समय श्रीलंका की जीत तय नजर आ रही थी, लेकिन दीपक चाहर और भुवनेश्वर कुमार ने आठवें विकेट के लिए अटूट 84 रनों की साझेदारी निभाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। इस हार के बाद श्रीलंकाई कोच मिकी आर्थर काफी गुस्से में नजर आए। आखिरी के ओवरों में मिका आर्थर के चेहरे पर गुस्सा साफ नजर आया। मैच खत्म होने के बाद वह मैदान पर पहुंच गए और ऐसा लग रहा था कि उनके और कप्तान दसुन शनाका के बीच कुछ बहस हो रही है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हुआ, जिसके बाद श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर रसेल अनील्ड ने एक ट्वीट किया।

रसेल अनील्ड ने ट्विटर पर लिखा, कोच और कप्तान के बीच वह बातचीत फील्ड पर नहीं होनी चाहिए थी, बल्कि ड्रेसिंग रूम में होनी चाहिए थी। इस पर मिकी आर्थर ने उन्हें जवाब भी दिया। उन्होंने लिखा, रसेल हम जीतते साथ हैं, हारते साथ हैं, लेकिन हमेशा सीखते रहते हैं।

आईसीसी वनडे रैंकिंग में शिखर धवन को फायदा, विराट कोहली दूसरे स्थान पर बरकरार

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में नाबाद अर्धशतकीय पारी के बाद दो पायदान के फायदे से बुधवार को जारी ताजा आईसीसी वनडे रैंकिंग में 16वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि विराट कोहली दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। धवन कोलंबो में खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में नाबाद 86 रन की मदद से 712 रेटिंग प्वॉइंट्स तक पहुंच गए, जिससे वे दो पायदान का फायदा हासिल करने में सफल रहे जबकि कोहली के 848 प्वॉइंट्स हैं।

भारत के एक अन्य सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा 817 प्वॉइंट्स के साथ लिस्ट में तीसरे स्थान पर

है, जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (873) टॉप पर है। रैंकिंग में जिम्बाब्वे और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की सीरीज, दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के बीच तीसरा मैच तथा भारत और श्रीलंका के बीच पहले दो वनडे के नतीजों को देखा गया है। गेंदबाजों में भारत के युजवेंद्र चहल (चार पायदान के फायदे से 20वें), श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (22 पायदान के फायदे से 36वें), दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी (आठ पायदान के फायदे से 39वें), आयरलैंड के सिमी सिंह (51वें स्थान पर) और जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजारबानी (70वें स्थान पर) ऊपर की ओर बढ़ने में सफल रहे। आईसीसी टी-20 रैंकिंग में पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन को काफी फायदा मिला है, जो अपनी टीमों के लिए तीन मैचों की सीरीज में सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे, जिसमें इंग्लैंड ने 2-1 से सीरीज जीती थी। विकेटकीपर बल्लेबाज रिजवान अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग पर पहुंच गए। उन्होंने सीरीज के आखिरी मैच में नाबाद 76 रन से कुल 176 रन जोड़े थे, जिससे उन्हें चार पायदान का लाभ हुआ। इस साल अप्रैल में जिम्बाब्वे के खिलाफ प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने के बाद वह पहली बार टॉप 10 में पहुंचे।

श्रीलंका की हार पर भड़के मुथैया मुरलीधरन, कहा- टीम जीतना भूल गई है

कोलंबो (एजेंसी)। भारत के खिलाफ श्रीलंका ने जैसे जीता हुआ मैच गंवाया, उससे अपने समय दिग्गज स्पिनर रहे मुथैया मुरलीधरन बहुत निराश हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले मुरलीधरन का मानना है कि मौजूदा श्रीलंकाई टीम भूल गई है कि जीत कैसे दर्ज की जाती है। मुरलीधरन ने कहा कि मानना होगा कि खेल में देश काफी मुश्किल दौर से गुजर रहा है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 275 रन बनाए, जवाब में भारत ने 193 रनों तक सात विकेट गंवा दिए थे। बावजूद इसके भारत ने पांच गेंद शेष रहते ही मैच तीन विकेट से अपने नाम कर लिया। मुरलीधरन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर कहा, मैंने आप से पहले भी कहा है कि श्रीलंका जीतने की राह भूल चुका है, पिछले कुछ सालों से यह टीम जीत दर्ज करना ही भूल गई है। यह उनके लिए भी मुश्किल है कि उन्हें पता ही नहीं है कि कैसे जीत दर्ज करनी है। लेग स्पिनर वनिंदु हसरंगा ने तीन विकेट लेकर टीम इंडिया को मुश्किल में डाल दिया था, लेकिन कप्तान दसुन शनाका ने उनके ओवर बचा लिए, जिससे आखिरी के ओवरों में उनका इस्तेमाल किया जा सका और यह श्रीलंका को काफी भारी पड़ गया। मुरलीधरन ने आगे कहा, हमने आपको पहले भी कहा है कि अगर श्रीलंका ने पहले 10-15 ओवर में तीन विकेट निकाल लिए, तो टीम इंडिया संघर्ष करती नजर आएगी। दीपक चाहर और भुवनेश्वर कुमार ने टीम इंडिया को शानदार जीत दिलाई।

मुरलीधरन बोले, और श्रीलंका ने भी कुछ बड़ी गलतियां की। उन्हें वनिंदु हसरंगा से गेंदबाजी करानी चाहिए थी, ना कि उनके ओवर आखिरी के लिए बचाने चाहिए थे। अगर श्रीलंका ने भुवनेश्वर या चाहर का विकेट ले लिया होता, तो बचे हुए दो टेलेन्डर्स के साथ जीत मुश्किल हो जाती। उन्होंने कुछ गलतियां की, लेकिन यह अनुभवहीन टीम है। श्रीलंका की हार पर कोच मिकी आर्थर को भड़कते हुए देखा गया था, जिसको लेकर मुरलीधरन ने कहा, मुझे लगता है कि कोच अपना गुस्सा और निराशा दिखा रहे थे, लेकिन इसकी जगह उन्हें शांत बैठकर टीम को कुछ मैसेज भेजने चाहिए थे कि अपने बेस्ट गेंदबाजों से गेंदबाजी कराई जाए, विकेट लेने की कोशिश की जाए और अंत तक लक्ष्य को डिफेंड करने की कोशिश की जाए।

राहुल द्रविड़ ने टीम इंडिया की जीत के बाद दी शानदार स्पीच, बीसीसीआई ने शेयर किया वीडियो

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने मंगलवार को दूसरे वनडे में श्रीलंका को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराकर वनडे सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। भारत के लिए दीपक चाहर ने मैच विनिंग पारी खेली। भारत की यादगार जीत के बाद राहुल द्रविड़ ने मैच खत्म होने के बाद ड्रेसिंग रूम में स्पीच दी। बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ की स्पीच का वीडियो ट्विटर पर शेयर किया है। राहुल द्रविड़ श्रीलंका दौरे में टीम इंडिया के साथ बतौर हेड कोच गए हैं। टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं और वो द्रविड़ की कोचिंग में काफी कुछ सीख रहे हैं।बीसीसीआई के शेयर वीडियो में राहुल द्रविड़ कह रहे हैं, हमने स्पष्ट रूप से सही दिशा में रिजल्ट को खत्म किया। ये शानदार था। भले ही सही दिशा में हम इसे समाप्त नहीं करते। ये लड़ाई बहुत महत्वपूर्ण थी। आप सभी ने शानदार किया। उन्होंने आगे कहा,यह व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में बात करने का समय नहीं है। हम इस बारे में अपनी बैठकों में बात करेंगे, जब हम हर चीज का विश्लेषण करेंगे। लेकिन जब आप पूरे मैच को देखें तो टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा था। हमारी गेंदबाजी में बहुत सारे प्रदर्शन थे, शुरुआत में भी बल्लेबाजी करते हुए जाहिर तौर पर अंत में बल्लेबाजों ने इसे खत्म कर दिया। यह एक शानदार टीम प्रदर्शन था। राहुल द्रविड़ ने कहा कि उन्हें पता था कि पहला वनडे हारने के बाद श्रीलंका पूरी ताकत से वापसी करने जा रहा है। लेकिन उन्हें गर्व है कि भारत ने मेजबान की चुनौती चैंपियन की तरह जवाब दिया। उन्होंने कहा,वो जवाब देने जा रहे थे। हमें विपक्षी टीम का सम्मान करना होगा। उन्होंने रिस्पोंड किया और हमने एक चैंपियन टीम की तरह रिस्पोंड किया। हमने जीतने का एक रास्ता निकाल लिया।

पाक के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने बताया, पाकिस्तान के बल्लेबाजों को दीपक चाहर से क्यों लेनी चाहिए सीख

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने मंगलवार को दूसरे वनडे में श्रीलंका को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। भारत के लिए दीपक चाहर ने मैच विनिंग पारी खेली। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया, दीपक चाहर की बल्लेबाजी से काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने पाकिस्तान के बल्लेबाजों को नसीहत दी कि उन्हें दीपक चाहर से सीखना चाहिए। 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय भारत ने 193 रन पर सात विकेट खो दिए थे। इसके बाद चाहर ने भुवनेश्वर कुमार के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। चाहर ने नाबाद 69 रन बनाए।

अपने यूट्यूब चैनल में अपलोड किए ताजा वीडियो में दानिश कनेरिया ने दीपक चाहर की तारीफ करते हुए कहा, दीपक चाहर को फुल क्रेडिट। पाकिस्तान के बल्लेबाजों को उनसे सीख लेनी चाहिए। दीपक चाहर गेम को आखिर तक ले गए। वो विकेट पर खड़े रहे, उन्होंने चतुराई से स्ट्राइक रोटेट की और बीच-बीच में बाउंड्री भी लगाई। चाहर

और भुवनेश्वर कुमार के बीच आखिर में जबरदस्त साझेदारी हुई। भले ही भुवनेश्वर कुमार ने सिर्फ 19 रन इस दौरान बनाए हों लेकिन ये किसी भी 50 रन से कम नहीं थे। भुवनेश्वर कुमार और दीपक चाहर के बीच आठवें विकेट के लिए नाबाद 84 रनों की साझेदारी हुई।

उन्होंने कहा कि चाहर ने गेम अंत तक ले जाने की प्रेरणा एम एस धोनी से मिली। संयोग से धोनी चेनन्ई सुपर किंग्स की तरफ से खेलने वाले चाहर के कप्तान हैं। उन्होंने आगे कहा, चाहर और कुमार को धन्यवाद, भारत ने सीरीज जीती और अब हम आखिरी वनडे मैच में कुछ बदलाव देख सकते हैं।

मोदी सरकार में मंत्री बनते ही निशाने पर आए जॉन बर्ला, ममता सरकार ने दिया 'अवैध' मकान तोड़ने का आदेश

कोलकाता (एजेंसी)। हाल ही में मोदी सरकार में मंत्री बने जॉन बर्ला अब पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के निशाने पर आ गए हैं। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाए गए बर्ला के खिलाफ जलपाईगुड़ी जिला प्रशासन ने लखीपारा टी स्टेट मैनेजमेंट को कार्रवाई शुरू करने को कहा है। अलीपुरद्वार के सांसद जॉन बर्ला पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने चाय बागान की जमीन पर अतिक्रमण करके मकान बनाया है। आदेश के मुताबिक, इसे तोड़ा जा सकता है।

डीएम मौमिता गोडारा बसु ने ब्लॉक भूमि और भूमि राजस्व अधिकारी से रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने अवैध रूप से जिले के बानारहाट में छामूरछी मोड़ पर सरकारी जमीन पर कब्जा करके तीन पक्के मकानों का निर्माण कराया। बसु ने फोन पर कहा, ''यह जमीन किसी की निजी संपत्ति नहीं है, बल्कि लीज पर ली गई जमीन है, जहां कोई पक्के ढांचे नहीं बना सकता है। मैंने चाय बागान प्रशासन से अतिक्रमण हटाने और तुरंत वापस लेने को कहा गया है। मैंने उनसे कहा है कि जितनी जल्दी संभव हो कार्रवाई की जाए।

बर्ड फ्लू पर एम्स के डायरेक्टर बोले- आदमी से आदमी में संक्रमण दुर्लभ, घबराने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। एवियन इन्फ्लूएंजा से देश में पहली मौत की पुष्टि के बीच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के प्रमुख रणदीप गुलेरिया ने बुधवार को कहा कि एच5एन1 वायरस का मानव से मानव में संक्रमण बहुत दुर्लभ है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। एम्स निदेशक ने पीटीआई-भाषा से कहा कि हालांकि संपर्क में आने से बचना चाहिए और वायरस के कारण जहां पर बच्चे की मौत हुई, उस क्षेत्र से नमूने लिए जाने की जरूरत है तथा कुक्कुटों की मौत पर नजर रखनी चाहिए।

हरियाणा के 12 वर्षीय लड़के की एच5एन1 वायरस के संक्रमण से हाल में एम्स दिल्ली में मौत हो गयी। गुलेरिया ने कहा, ''पक्षियों से मानवों में वायरस का संक्रमण बहुत दुर्लभ है और एच5एन1 का मानव से मानव में संक्रमण का मामला अब तक साबित नहीं हुआ है। इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है। डॉ. गुलेरिया ने कहा, लेकिन पोल्ट्री के निकट काम करने वाले लोगों को निश्चित तौर पर एहतियात बरतना चाहिए और साफ-सफाई रखना चाहिए। एम्स में मेडिसीन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीरज निश्चल ने कहा कि एवियन इन्फ्लूएंजा मुख्य रूप से पक्षियों की बीमारी है और मानव से मानव के बीच संक्रमण का अब तक प्रमाण नहीं मिला है। उन्होंने कहा, ''हालांकि संक्रमण से प्रभावित कुछ छिटपुट क्षेत्रों का पता चला है। इन क्षेत्रों में दुर्लभ स्थिति में संक्रमण का प्रसार हो सकता है। हालांकि मानव से मानव के बीच संक्रमण का कोई प्रमाण नहीं मिला है। डॉ निश्चल ने कहा, सीरो सर्वेक्षण में बिना लक्षण वाले मामलों में कोई प्रमाण नहीं मिला है और उपचार के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों में संक्रमण फैलने के कोई सबूत नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''अगर कोई ठीक से पका हुआ पोल्ट्री उत्पाद खा रहा है तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

अभी तक इस बात का कोई सबूत नहीं है कि यह ठीक से

पके हुए भोजन से लोगों में फैल सकता है। भोजन को उच्च तापमान पर पकाने पर वायरस नष्ट हो जाता है। संक्रमित, खासकर बीमार मुर्गे-मुर्गियों के संपर्क में आने से बचना चाहिए। डॉ. गुलेरिया ने कहा कि पूर्व में जब मुर्गे-मुर्गियों में एच5एन1 एवियन फ्लू इन्फ्लूएंजा के मामले सामने आए थे तो संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए उन क्षेत्रों में कुक्कुटों को मार दिया गया था। उन्होंने कहा कि एच5एन1 वायरस का प्रसार मुख्य रूप से प्रवासी पक्षियों के जरिए कुक्कुटों में होता है। गुलेरिया ने कहा कि जो लोग पोल्ट्री के निकट संपर्क में काम करते हैं, उनमें संक्रमण होने का खतरा अधिक होता है। एम्स के एक सूत्र ने कहा था कि 12 वर्षीय लड़के को दो जुलाई को निमोनिया और ल्यूकेमिया की दिक्कतों के साथ एम्स में भर्ती कराया गया था। उसकी 12 जुलाई को मृत्यु हो गई। इलाज के दौरान कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा की जांच की गयी। सूत्र ने कहा था, ''लड़के की कोविड-19 जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। इन्फ्लूएंजा संक्रमण की पुष्टि हुई। नमूने को राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान पुणे भेजा गया जहां एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि हुई।

सूत्रों ने कहा कि मामले का विवरण राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) को भेज दिया गया है और उनकी टीम ने निगरानी और संपर्क का पता लगाना शुरू कर दिया है। यह देखा जा रहा है कि क्या इसी तरह के लक्षणों वाला कोई और मामला है जिनके साथ बच्चा संपर्क में आया था। इस बीच, संक्रमित बच्चे के संपर्क में आए एम्स के सभी कर्मचारियों को फ्लू के किसी भी लक्षण पर नजर रखने और तुरंत अधिकारियों को सूचित करने को कहा गया। जनवरी में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ जैसे कुछ राज्यों ने बीमारी के फैलने के बाद कुक्कुटों को मार डाला था।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूयूएचओ) के अनुसार, लोगों में एच5एन1 संक्रमण के लगभग सभी मामले संक्रमित जीवित या मृत पक्षियों या एच5एन1 प्रभावित वातावरण के निकट संपर्क से जुड़े हैं। वर्तमान में उपलब्ध महामारी विज्ञान की जानकारी से पता चलता है कि वायरस मनुष्यों को आसानी से संक्रमित नहीं करता है और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संक्रमण फैलना दुर्लभ प्रतीत होता है। जब लोग संक्रमित होते हैं तो मृत्यु दर लगभग 60 प्रतिशत होती है।

किसानों को जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन की मिली इजाजत, आंदोलनकारियों की अधिकतम संख्या भी निर्धारित

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार ने जंतर मंतर पर किसानों को धरना प्रदर्शन की इजाजत दे दी है। दिल्ली सरकार की ओर से इसका आदेश भी जारी कर दिया गया है। 22 जुलाई से 9 अगस्त तक सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संयुक्त किसान मोर्चा के अधिकतम 200 प्रदर्शनकारी किसानों को धरना प्रदर्शन की इजाजत दी गई है।

धरना प्रदर्शन के दौरान कोरोना नियमों का पालन करना होगा। दिल्ली में इस समय आपदा प्रबंधन कानून लागू है, जिसके चलते कोई जमावड़ा नहीं हो सकता। लेकिन किसानों के आंदोलन के लिए दिल्ली सरकार ने दिशा निर्देशों में संशोधन किया और इजाज़त दे दी। बुधवार दोपहर किसान नेता युद्धवीर मालिक, नई दिल्ली इलाके के जॉइंट

कमिश्नर जसपाल सिंह, डीसीपी नई दिल्ली दीपक यादव समेत कई अधिकारी जंतर-मंतर पहुंचे। जंतर मंतर पर जायजा लिया गया कि अगर प्रोटेस्ट किया जाएगा तो अलग अलग बॉर्डर से आए किसान प्रोटेस्टर कहां बैठेंगे। किसान आंदोलन तेज़ करने के लिए गुरुवार से पूरे संसद सत्र 200 किसान हर रोज़ सिंघु बार्डर से संसद मार्च करेंगे, दिल्ली पुलिस ख़ुद किसानों को अपने साथ जंतर मंतर तक ले जाएगी।

मंगलवार दिनभर संयुक्त किसान यूनियन के नेता संसद मार्च की रणनीति बनाते नज़र आए. किसानों का कहना है कि वो संसद के बाहर अपनी किसान संसद लगाएंगे। हर रोज़ 200 किसानों को पहचान पत्र दिया जाएगा जो संसद की ओर मार्च करेंगे। किसानों का कहना है कि अगर उन्हें दिल्ली पुलिस ने रोका तो वो चुपचाप बिना ज़बरदस्ती किए गिरफ़्तारी देंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा और दिल्ली पुलिस दोनों के सामने दो चुनौतियां हैं। पहली चुनौती कि इस पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण कैसे रखा जाए क्योंकि दिल्ली पुलिस ने 26 जनवरी को किसान मार्च को इजाज़त दी, जहां चीजें हाथ से निकल गईं। दूसरी चुनौती रहेगी कि अगर किसान संसद भवन तक पहुंच गए तो उन्हें नियंत्रण में कैसे रखा जाएगा।

केरल सरकार ने किया दो दिन के कंप्लीट लॉकडाउन का ऐलान, पीएम मोदी ने दी थी सख्ती की सलाह

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए केरल सरकार ने पूरे राज्य में दो दिन के संपूर्ण लॉकडाउन का ऐलान किया है। 23 और 24 जुलाई को पूरे राज्य में सख्त पाबंदियां लागू रहेंगी। इसके साथ ही पिनराई विजयन सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग को टेस्टिंग बढ़ाने को कहा है।

हर दिन 3 लाख सैंपल जांच का आदेश दिया गया है। ईद पर तीन दिन तक पाबंदियों में छूट को लेकर सुप्रीम कोर्ट से फटकार लगने के बाद केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने मंगलवार को कहा था कि राज्य में पाबंदियों में किसी तरह की छूट नहीं दी जाएगी। साथ ही यह भी कहा था कि शुक्रवार को अतिरिक्त 3 लाख जांच की जाएगी। कोरोना समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा, ''पाबंदियों में अभी छूट नहीं दी जाएगी। एक और सप्ताह के लिए पाबंदियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में औसत पॉजिटिविटी दर बढ़कर 10.8 फीसदी हो चुकी है।16 जुलाई को छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मंथन के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि केरल और महाराष्ट्र में कोरोना मामलों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। पीएम मोदी ने तीसरी लहर को रोकने के लिए एहतियात के तौर पर कई कदम उठाने को कहा था। पीएम ने टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और टीका का मंत्र देते हुए माइक्रो कंटेनमेंट जोन्स पर फोकस करने को कहा था।

महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ ने भी माना ऑक्सीजन की कमी से मौत नहीं, संजय राउत के दावे को भी ठहराया गलत

मुंबई (एजेंसी)। केंद्र सरकार की ओर से ऑक्सीजन की कमी के चलते कोई मौत न होने का दावा करने के बाद अब राज्य सरकारें भी इससे सहमति जता रही हैं। बुधवार को सुबह तमिलनाडु, बिहार और मध्य प्रदेश की सरकारों ने कहा था कि उनके राज्य में ऑक्सीजन की कमी के चलते मौत की एक भी घटना दर्ज नहीं की गई है।

अब ऐसा ही दावा शिवसेना के नेतृत्व वाले गठबंधन की महाराष्ट्र सरकार ने भी किया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने भी ऑक्सजीन की कमी से किसी मौत की बात से इनकार किया है। यही नहीं छत्तीसगढ़ के हेल्थ मिनिस्टर टीएस सिंह देव ने तो यह भी कहा कि हमारा राज्य ऑक्सीजन के मामले में सरप्लस रहा

है। यह बात सही है कि राज्य में ऑक्सीजन की कमी के चलते कोई मौत नहीं हुई है।दिलचस्प बात यह है कि केंद्र सरकार के दावे के बाद हमला बोलने वाले शिवसेना नेता संजय राउत के बयान को ही उनकी सरकार ने गलत ठहरा दिया है। संजय राउत ने केंद्र सरकार के दावे पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि मेरे पास शब्द नहीं हैं। आखिर केंद्र के इस बयान से उन लोगों के परिजनों को कैसा महसूस हो रहा है, जिन्होंने ऑक्सीजन की कमी के चलते अपनी जान गंवा दी थी। यही नहीं राउत ने कहा था कि केंद्र सरकार के खिलाफ इस तरह का झूठ बोलने को लेकर केस दर्ज किया जाना चाहिए।

दिल्ली में 45 से अधिक उम्र के आधे से ज्यादा लोगों ने ली वैक्सीन की दोनों डोज

नई दिल्ली (एजेंसी)। तक 94 लाख से अधिक वैक्सीन की डोज लग चुकी है। जिसमें 45 से अधिक उम्र वालों में आधे से ज्यादा यानी 51 फीसदी को वैक्सीन की दोनों डोज लग गई है। दिल्ली कोविड वैक्सीनेशन बुलेटिन के अनुसार 20 जुलाई तक 45 से ज्यादा उम्र वाले लोगों को 4537989 वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। इसमें पहली डोज लगवाने वाले लोगों की संख्या 2993237 और दूसरी डोज लगवाकर वैक्सीन की प्रक्रिया को पूरी करने वाले 1544752 लोग है। यानि 51.60 फीसदी ने वैक्सीन की दोनों लगवा ली है।

बता दें कि दिल्ली में एक मार्च से 60 साल से अधिक और 45 साल से ज्यादा उम्र के गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोगों का टीकाकरण शुरू हुआ था।

'कैप्टन' को सिद्धू का न्यौता! तकरार के बीच पार्टी के कार्यक्रम में एक साथ दिखेंगे दोनों नेता? अटकलें तेज

नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब कांग्रेस में अभी 'कैप्टन' और सिद्धू के बीच तकरार खत्म नहीं हुआ। लेकिन अब इस बात की अटकलें भी काफी तेज हो गई हैं कि जल्दी ही पार्टी के एक कार्यक्रम में नवजोत सिंह सिद्धू और मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह एक साथ नजर आ सकते हैं। दरअसल शुक्रवार को नवजोत सिंह सिद्धू एक कार्यक्रम में पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष की कुर्सी औपचारिक रूप से संभालेंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि इस कार्यक्रम में आने के लिए नवजोत सिंह सिद्धू मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को न्यौता भेज सकते हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि सिर्फ नवजोत सिंह सिद्धू ही नहीं

बल्कि हाल ही में बनाए गए पंजाब कांग्रेस के चार कार्यकारी अध्यक्ष भी 'कैप्टन' को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए न्यौता दे सकते हैं। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री के लिए आमंत्रण पत्र ड्राफ्ट कर दिया गया है। इस आमंत्रण पत्र पर सिद्धू के हस्ताक्षर के अलावा कई अन्य नेताओं के हस्ताक्षर भी हैं। इसके अलावा इस पत्र पर पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील झाकड़ का भी साइन है। कई नेताओं के हस्ताक्षार वाला यह पत्र जल्दी ही राज्य के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह को भेज दिया जाएगा। यहां आपको बता दें कि इससे पहले मंगलवार की शाम पंजाब के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रवीन ठुकराल ने उन सभी रिपोर्टों को खारिज कर दिया था जिसमें कहा जा रहा था कि नवजोत सिंह सिद्धू ने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है। रवीन ठुकराल ने एक ट्वीट के जरिए कहा था कि सीएम के स्टैंड में कोई बदलाव नहीं आया है। जब तक सिद्धू, सीएम को लेकर कही अपनी बातों के लिए सार्वजनिक तौर से माफी नहीं मांगते उनसे कोई मुलाकात नहीं होगी। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रधान बनाए जाने के बाद नवजोत सिंह सिद्धू ने बुधवार को अमृतसर में शक्ति प्रदर्शन किया।

बड़ी जंग की ओर बढ़ रहा अफगानिस्तान, राष्ट्रपति गनी बोले- शांति के इरादे में नहीं तालिबान

काबुल (एजेंसी)। तालिबान और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों के हमले झेल रहे अफगानिस्तान में हालात जल्दी संभलते नहीं दिख रहे हैं। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने बुधवार को ईद के मौके पर दिए अपने भाषण में कुछ ऐसा ही संकेत दिया।

अशरफ गनी ने ईद से एक दिन पहले राष्ट्रपति भवन के पास तीन रॉकेट दागे जाने की आलोचना करते हुए कहा कि तालिबान शांति प्रक्रिया का हिस्सा बनने के मूड में नहीं है। अशरफ गनी ने कहा कि तालिबान की हरकतें बताती हैं कि शांति प्रक्रिया में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान ने कई चीजें साफ कर दी हैं।अशरफ गनी ने कहा, 'तालिबान ने कई चीजों को स्पष्ट किया है। अब्दुल्ला ने कुछ समय पहले ही मुझे बताया है कि तालिबान की इच्छा शांति की नहीं है। हमने एक डेलिगेशन भेजा था और कहा था कि हमारी इच्छा शांति व्यवस्था कायम करने की है और हम इसके लिए कुछ भी कुर्बानी करने के लिए तैयार हैं। लेकिन उनका ऐसा कोई इरादा नहीं है। ऐसे में हमें उनके इस फैसले के आधार पर ही आगे की तैयारी करनी होगी।' अशरफ गनी ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों

ने बीते 20 सालों में बड़ी कुर्बानी दी है। अपनी मिट्टी और सम्मान की रक्षा के लिए हम आगे भी संघर्ष जारी रखेंगे।

अशरफ गनी ने कहा कि खासतौर पर बीते तीन महीनों में हमारे सुरक्षा बलों ने बड़ा बलिदान दिया है। हमने बहुत से लोगों को खोया है। अफगान राष्ट्रपति ने कहा कि बीता सप्ताह मैंने एक प्रैक्टिकल प्लान पर काम करने के लिए प्रयास किया था।

पाकिस्तान में पूर्व राजनयिक की बेटी को पहले मारी गोली फिर काट दिया, 1 गिरफ्तार, जांच शुरू

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस्लामाबाद में पाकिस्तान के पूर्व राजनयिक की बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पूर्व राजनयिक की 27 साल की बेटी की लाश मिलने के बाद यहां प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। मृतक लड़की की पहचान नूर मुकदम के तौर पर हुई है।

नूर मुकदम पाकिस्तान के पूर्व राजनियक शौकत अली मुकदम की बेटी हैं। शौकत अली मुकदम साउथ कोरिया में पाकिस्तान के डिप्लोमैट थे। 'ऐर्स्ने ऊन्न' ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि नूर मुकदम की लाश मंगलवार की देर रात मिली है। उनकी लाश इस्लामाबाद में स्थित उनके घर इ-7/4 में मिली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नूर को पहले गोली मारी गई थी और फिर बेरहमी से उन्हें काट दिया गया था। पुलिस के मुताबिक इस हमले में एक अन्य शख्स घायल भी हुआ है।

इस जघन्य हत्याकांड में ज़ाहिर जफर नाम के एक युवक के शामिल होने की आशंका जताई गई है। जिसके बाद पुलिस ने उसे घटनास्थल के पास से ही गिरफ्तार कर लिया है। इस्लामाबाद पुलिस ने इस बात की जानकारी एक ट्वीट के जरिए दी है।

यह भी बताया गया है कि इस मामले में केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने इस हत्याकांड की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शौकद मकदुम साउथ कोरिया के राजनयिक के तौर पर कजाकिस्तान में पदस्थापित थे। इस्लामाबाद में इस हाई प्रोफाइल मर्डर केस के सामने आने के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की तरफ से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ज़ाहिद हफीज़ चौधरी ने इस हत्याकांड पर अपनी संवेदना जाहिर की। उन्होंने ट्विटर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि 'अपने एक सहयोगी और पूर्व राजनयिक की बेटी की हत्या की खबर सुनकर गहरा आघात पहुंचा है। परिवार के सदस्यों को मेरी संवेदनाएं, और मुझे आशा है कि इस भयाक जुर्म में शामिल शैतानों को पकड़ कर न्याय किया जाएगा।' उन्होंने अपने ट्वीट में क्षत्रेग्मइदेन्ददे का भी इस्तेमाल किया है।

यह मामला उस वक्त सामने आया है जब हाल ही में पाकिस्तान में अफगानिस्तान के राजनयिक नजीब अलिखिल की बेटी सिलसिला अलिखिल को किडनैप किये जाने की खबर सामने आई थी। अफगानी राजनयिक की बेटी को उस वक्त अगवा किया गया था जब वो अपने घर जा रही थीं।

लड़की को अगवा करने के बाद उन्हें कई घंटों तक काफी टॉर्चर करने की बात भी सामने आई थी। एक बड़ी हैरानी की बात यह भी है कि अफगानी राजनयिक की बेटी के साथ पाकिस्तान में हुई इस घटना के बाद यहां के गृहमंत्री शेख रशिद अहमद ने इसका ठीकरा भारत पर फोड़ दिया था। रावलपिंडी में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पाकिस्तानी मंत्री ने कह दिया था कि यह किडनैपिंग की घटना नहीं थी, बल्कि इसके जरिए पाकिस्तान की छवि को खराब करने की कोशिश की गई थी।

चीन के हेनान प्रदेश में बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रेस्क्यू के लिए तैनात की सेना

हेनान (एजेंसी)। चीन के हेनान प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। इस बारिश और बाढ़ जैसे हालात से 12 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने जानकारी दी है कि हज़ारों लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया है। अब तक 7 लोग लापता हैं जिनकी तलाश की जा रही है। कई जगह बांधों के टूटने की वजह से हेनान की राजधानी झेंग्झौ में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। झेंग्झौ के कई प्रमुख रास्ते और सबवे टनल्स डूब गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक़ झेंग्झौ में 17 जुलाई से अब तक 650 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। यह रिकॉर्ड है। चीनी मीडिया के मुताबिक़ झेंग्झौ में पिछले 60 सालों से इतनी बारिश नहीं हुई है। भारी बारिश के कारण 150 से अधिक ट्रेनें और कई फ्लाइट्स रद्द कर दिए गए हैं। न्यूज़ एजेंसी ''इझ का यह वीडियो ट्वीट देखिए

जिसमें झेंग्झौ के मेट्रो स्टेशन पर फंसे यात्रियों को अग्निशामकों ने रेस्क्यू किया है। बारिश के असर को देखते हुए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 21 जुलाई को पानी में डूबे सबवे, होटल और सार्वजनिक स्थानों पर फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए सेना को तैनात किया है। जिनपिंग ने अधिकारियों से लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है। इसके साथ ही बाढ़ की रोकथाम और आपदा राहत उपायों को सावधानीपूर्वक और सख्ती से लागू करने को कहा है। चीन के मौसम विभाग ने हेनान में हुई भारी बारिश के पीछे कई कारण गिनाए हैं। इनमें से वायुमंडलीय दबाव, संभावित तूफ़ान और उस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को प्रमुख कारण बताया है।